अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 262 लखनऊ, शनिवार, 11 अप्रैल 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### नीतीश कुमार, हरिवंश ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

नई दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने संसद भवन में उनको शपथ दिलाई। इस अवसर पर सदन के नेता और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, कंग्रेस के राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे। 69 वर्षीय हरिवंश का पिछला कार्यकाल 09 अप्रैल को पूरा होने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज उनको मनोनीत किया। उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल पूरा होने के बाद एक सीट रिक्त हो गयी थी।

### लेबनान में इजराइली हमलों में लोगों की मौत पर भारत ने जताई चिंता

नई दिल्ली। भारत ने लेबनान में इजराइल के हमले में बड़ी संख्या में नागरिकों की मौत पर शुक्रवार को गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत का हमेशा जोर रहा है कि आम नागरिकों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। पश्चिम एशिया के हालात पर भारत की इस मुद्दे पर पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है। हालांकि विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की तरफ से जारी बयान में इजराइल का जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करना और राज्यों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना बेहद आवश्यक है।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भेजा इस्तीफा

नई दिल्ली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जज जस्टिस वर्मा ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। जस्टिस वर्मा ने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भेजा है। जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। लोकसभा स्पीकर ने इस मामले में जजेज इन्क्वायरी एक्ट के तहत जांच कमेटी कमेटी गठित कर दिया है। लोकसभा स्पीकर की ओर से इन्क्वायरी के आदेश को जस्टिस वर्मा ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्चतम न्यायालय ने जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज कर दी थी। उच्चतम न्यायालय ने 22 मार्च, 2025 को इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी के गठन का आदेश दिया था।

# श्रद्धालुओं की नाव यमुना नदी में पलटी, 10 की मौत

- जिलाधिकारी ने हैल्पलाइन नम्बर किया जारी
- मुख्यमंत्री योगी ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए घायलों के समुचित उपचार और जांच के दिए कड़े निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मथुरा। लुधियाना पंजाब से वृंदावन आए 32 श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। इस हादसे में दस श्रद्धालुओं की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से 12 लोगों को बचा लिया गया है। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त



चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अन्य लोगों की खोज में बचाव कार्य में सेना के जवान और गोताखोर जुटे हैं। नदी से निकाले गए 10 शवों की शिनाख्त हो गई है। इस हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। मौके पर बचाव कार्य जारी है।

बताया गया कि 150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब और मुक्तेश्वर से वृंदावन आया था। शुक्रवार लगभग तीन बजे 32 लोग नाव में बैठकर यमुना नदी में सैर कर रहे थे। तभी केसी घाट पर इन्हीं श्रद्धालुओं की एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। पुलिस और गोताखोरों ने नदी में डूबे लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान शुरू किया। नाव पलटने की सूचना पर दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे की खबर पर केबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, विधायक राजेश चौधरी सहित मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, डीआईजी शैलेन्द्र कुमार, डीएम सीपी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार ने मौके पर जायजा लिया और गंभीर लोगों को अस्पताल पहुंचाया एवं अधीनस्थों से पूरी जानकारी हासिल की।

मथुरा डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने वृंदावन नाव हादसे में 10 लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि पंटून पुल से टकराने के कारण नाव के पलटने की सूचना है। सभी घायलों का मुफ्त में इलाज चल रहा है। एसडीएम ऋतु सिरोही ने हादसे की वजह नाव पर ओवरलोड बताते हुए कहा कि नाव पर जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे। अब तक 10 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

नाव पलटने से नदी में डूब कर मरने वालों की पहचान हो गई है। पुलिस के अनुसार पिंकी पत्नी चन्दर सिंह निवासी जागरऊ लुधियाना, आशा रानी पत्नी अर्जुन मीणा निवासी हिसार, कविता पत्नी विकास कुमार निवासी जागरऊ लुधियाना, मीनू निवासी फ़ेस 2 डुंगरी लुधियाना, अंजू पत्नी रिंकेश गुलाटी, रिंकेश गुलाटी निवासी डुंगरी लुधियाना, चरणजीत निवासी लुधियाना, मधुर बहल पुत्र विजय निवासी गीता कॉलोनी लुधियाना, ईशान कटेरिया निवासी जागरऊ लुधियाना के शव नदी से निकाले गए हैं, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। जिला प्रशासन ने वृन्दावन स्थित केसी घाट के निकट यमुना नदी में हुई दुर्घटना की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0565-2403200 जारी किया है। संबंधित किसी भी समस्या या जानकारी के लिए जिलाधिकारी के मोबाइल नंबर 9454417512, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा के मोबाइल नंबर 9012881919/ 9454417583 तथा एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के मोबाइल नंबर 9454401103 पर संपर्क किया जा सकता है।

# एक अलग ही श्रेणी के होते हैं एसिड हमले : हाईकोर्ट

- कोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से किया इनकार
- चोट रिपोर्ट में देरी पर पुलिस को फटकारा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की कि जिन मामलों में एसिड का इस्तेमाल हमले के हथियार के तौर पर किया जाता है, वे अपराध में इस्तेमाल हथियार की प्रकृति के कारण 'एक अलग ही श्रेणी' के होते हैं। गहन जांच की ज़रूरत को देखते हुए जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस विनय कुमार द्विवेदी की बेंच ने रिट याचिका खारिज की। इस याचिका में सम्पत्ति विवाद को लेकर किए गए सुनियोजित एसिड हमले से जुड़ी एफआईआर को रद्द करने की मांग की गई थी। मामले के खास तथ्यों से परे



हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस विभाग के प्रति अपनी ल्लगहरी नाराज़गील्ल भी ज़ाहिर की। यह नाराज़गी इस बात पर थी कि हाईकोर्ट द्वारा मामलों की सुनवाई शुरू करने से पहले, चोट की रिपोर्ट समय पर आगे नहीं भेजी गईं। एक कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कोर्ट ने कहा कि वह सिर्फ़ चोट की रिपोर्ट समय पर मिल सके, यह सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग ज़िलों से इंस्पेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को बार-बार सम्मन नहीं भेज सकता। बेंच ने साफ कर दिया कि अगर तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो उसे उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक या उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को सम्मन भेजने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# यूपी बनेगा देश का डीप टेक कैपिटल: योगी आदित्यनाथ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- आईआईटी कानपुर के साथ साझेदारी से नवाचार को मिलेगा नया विस्तार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में कहा कि 'इनोवेट इन यूपी, स्केल फॉर द वर्ल्ड' के विजन के साथ प्रदेश को देश का 'डीप टेक कैपिटल' बनाने की दिशा में ठोस, परिणामोन्मुखी और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन, साइबर सिक्योरिटी और मेड-टेक जैसे उभरते क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश को अग्रणी बनाने पर बल देते हुए शोध और उद्योग के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि नवाचारों का बड़े स्तर पर व्यावहारिक उपयोग



सुनिश्चित हो और रोजगार सृजन को गति मिले।

बैठक में आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो़फ़ेसर मणीन्द्र अग्रवाल द्वारा विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। बताया गया कि मेड-टेक के क्षेत्र में गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अभिनव तकनीकी समाधान विकसित किए जा रहे हैं तथा इस संबंध में प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। यह संस्थान नवंबर में प्रारम्भ होना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को प्रदेश के ऊर्जा भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उत्पादन, भंडारण, परीक्षण, सुरक्षा मानकों एवं औद्योगिक उपयोग के सभी आयामों पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुर्वेद के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त क्लिनिकल वैलिडेशन हेतु देश के पहला संस्थागत केंद्र स्थापित करने पर भी विमर्श हुआ।

# उत्तर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी

## प्रदेश में कुल 13.39 करोड़ मतदाता, 84 लाख मतदाताओं की हुई वृद्धि

- लखनऊ समेत पांच जिलों में मतदाताओं की सर्वाधिक वृद्धि हुई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की लंबी प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। इसमें 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इनमें प्रदेश में पुरुष मतदाता 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 और महिला मतदाता 6 करोड़, नौ लाख, 9525 है।



एसआईआर में विभिन्न कारणों से 8 लाख 15 हजार 996 मतदाताओं के नाम काटे गये हैं। इनमें नोटिस देने के बावजूद सही जवाब न मिलने के कारण काटे गये 3 लाख 50 हजार 436 मतदाताओं के भी नाम शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लोकभवन स्थित मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश में 166 दिन तक चली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई। जारी मतदाता सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। इसमें 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इनमें प्रदेश में पुरुष मतदाता 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 और महिला मतदाता 6 करोड़, नौ लाख, 9525 है। तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है। इसमें मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वे मतदाता अभी भी फॉर्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आज जारी की गयी अंतिम मतदाता सूची में प्रदेश के पांच जिलों में सबसे अधिक मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। इनमें प्रयागराज टॉप पर है। प्रयागराज में 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता, लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाता बढ़े हैं।

# घुसपैठिए होंगे राज्य से बाहर : अमित शाह

- अमित शाह ने बंगाल के लिए किया भाजपा का 'संकल्प पत्र' जारी, महिलाओं को तीन हजार भत्ता, बस यात्रा फ्री

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आगामी दो चरणों में विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने पार्टी का 'संकल्प पत्र' जारी किया। इस घोषणा पत्र में घुसपैठ पर सख्ती,




पारदर्शी भर्ती व्यवस्था, आर्थिक विकास और महिला सशक्तिकरण को प्रमुख प्राथमिकताओं में रखा गया है।

घोषणा पत्र जारी करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यदि इस बार राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो घुसपैठ के मुद्दे पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 'पहचानो, हटाओ और निर्वासित करो' (डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट) की नीति के तहत प्रत्येक घुसपैठिए को राज्य से बाहर किया जाएगा, जिससे न केवल राज्य बल्कि पूरे देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा और मवेशी तस्करी पर भी सख्ती से रोक लगाने की बात कही गई।

राज्य में भर्ती प्रक्रिया को लेकर उन्होंने कहा कि एक पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त तंत्र विकसित किया जाएगा, जिसमें सभी रिक्त सरकारी पदों को केवल योग्यता के आधार पर भरा जाएगा। नकद के बदले नौकरी जैसी अनियमितताओं को पूरी तरह समाप्त किया जाएगा। उन्होंने स्थायी नौकरियों को प्राथमिकता देने की बात भी कही। युवाओं के लिए घोषणा पत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की सहायता देने का वादा किया गया है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच कतर ने भारत को भरोसेमंद ऊर्ज़ा आपूर्ति का दिया भरोसा

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कतर ने भारत के लिए एक भरोसेमंद ऊर्ज़ा आपूर्तिकर्ता बने रहने के अपने संकल्प को दोहराया है। कतर के ऊर्ज़ा मंत्री साद शेरिदा अल-काबी ने दोहा में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया। इस दौरान दोनों पक्षों ने मौजूदा तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया। हरदीप सिंह पुरी 9-10 अप्रैल



तक कतर की दो दिवसीय यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने इस क्षेत्र में संघर्ष शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से एकजुटता का संदेश कतर के नेतृत्व तक पहुंचाया। पुरी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी और वहां के प्रधानमंत्री को प्रधानमंत्री मोदी की शुभकामनाएं और समर्थन का संदेश दिया। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की, जिसमें उच्च-स्तरीय जुड़ाव, व्यापार, निवेश, ऊर्ज़ा, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंध शामिल हैं।

# एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर की पार्टी से तोड़ा गठबंधन

एजेंसी

हैदराबाद। पश्चिम बंगाल में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के नेता हुमायूं कबीर का एक विवादित वीडियो सामने आने के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने उनकी पार्टी से अपना गठबंधन तोड़ लिया है। एआईएमआईएम ने पश्चिम बंगाल में अकेले दम पर चुनाव लड़ने का एलान किया है।

एआईएमआईएम ने ऐसे बयानों पर चिंता भी व्यक्त की जो मुसलमानों की एकता पर सवाल उठाते हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में एमआईएम की ओर से कहा गया है कि यूजेयूपी के नेता हुमायुं कबीर के



हालिया ''खुलासों'' ने बंगाल में मुसलमानों की संवेदनशीलता को उजागर कर दिया है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह ऐसे किसी भी रुख के साथ नहीं जुड़ सकती जो समुदाय की छवि को नुकसान पहुंचाता हो। अपनी राजनीतिक रणनीति पर जोर देते हुए एमआईएम ने कहा कि उसका लक्ष्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को एक स्वतंत्र आवाज देना है।

पार्टी ने लिखा कि वह भविष्य में पश्चिम बंगाल का चुनाव बिना किसी गठबंधन के लड़ेगी।

# समरस समाज से ही राष्ट्र सशक्त बनेगा: प्रो.राजकुमार मित्तल

- बाबा साहब का चिंतन ही देश को एक रख सकता है : राजकिशोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के एएसएसएस हाल में शुक्रवार को युवराष्ट्र की ओर से डा.भीमराव अंबेडकर के समरसता के विचार एवं राष्ट्र निर्माण की दृष्टि विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजकुमार मित्तल ने कहा कि समरस समाज से ही सशक्त राष्ट्र





बनेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आम्बेडकर का राष्ट्र निर्माण केवल संवैधानिक ढ़ांचे तक सीमित नहीं था,बल्कि वह सामाजिक न्याय,स्वदेशी एवं सामाजिक समरसता के सिद्धान्तों पर आधारित था।

मुख्य वक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रान्त सामाजिक समरसता प्रमुख राजकिशोर ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर का चिंतन ही देश को एक रख सकता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने धर्म नहीं पाखण्ड का विरोध किया था। वह मुस्लिम तुष्टीकरण के खिलाफ थे। समाज को दिशा देने का काम बाबा साहब ने किया।

राजकिशोर ने कहा कि बाबा साहब ने पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया। बाबा साहब के जीवन में राष्ट्र प्रथम सदैव रहा। देश के ऊपर बाबा साहब का बहुत बड़ा ऋण है। प्रान्त सामाजिक समरसता प्रमुख ने कहा कि अपने समाज में विषमता का कोई स्थान नहीं है। सर्वे भवन्तु सुखिनः की हम बात करते हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारे भगवान भेदभाव नहीं करते तो हम क्यों करते हैं। भगवान राम ने शबरी के बेर खाए,निषादराज को गले लगाया और पक्षीराज जटायु को अपनी गोद का आश्रय दिया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. रामचन्द्रा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर और समरसता दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, संवाद, सस्कार, सम्मान, शालीनता युवाओं में होनी चाहिए। कार्यक्रम की प्रस्तावना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग प्रचार प्रमुख प्रो.भीम सोनकर ने रखी। संचालन अविनाश ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त शारीरिक शिक्षण प्रमुख भगवान सहाय,सामाजिक समरसता गतिविधि के प्रान्तीय टोली के सदस्य बृजनन्दन राजू, संघ के भाग प्रचारक दौलत, प्रो.दीपा द्विवेदी, डा.राजश्री, डा.अजय सिंह कुशवाहा युवराष्ट्र के सुमित अवस्थी, वाँछित सिंह, रितिक, दीपाशुं, विनीत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# 2200 करोड़ के मेगा प्रोजेक्ट से यूपी का प्रवेश द्वार गाजियाबाद बनेगा इंटीग्रेटेड अर्बन हब

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश का प्रवेश द्वार गाजियाबाद ऐतिहासिक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। 2200 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और एरोसिटी प्रोजेक्ट न केवल इस शहर की पहचान बदलने जा रहा है, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को एक और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात मिलने जा रही है। इसके साथ ही यह क्षेत्र इतने बड़े स्तर के इंटीग्रेटेड अर्बन डेवलपमेंट मॉडल का हिस्सा बनेगा, जिससे गाजियाबाद प्रदेश का बड़ा पर्यटन केंद्र बनकर उभरेगा। लाखों की संख्या में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे, जो उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से टर्निंग प्वाइंट साबित होंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास जल्द ही होने की संभावना है, जिससे वर्षों से अटकी योजना अब जमीन पर उतरने के करीब पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन पर आधारित प्रोजेक्ट गाजियाबाद को स्पोर्ट्स, टूरिज्म और हाईटेक अर्बन डेवलपमेंट का बड़ा केंद्र बनाएगा। अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर प्रमुख आकर्षण रहेगा।गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के वीसी नंद किशोर कलाल ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन मोर्टी क्षेत्र में प्रस्तावित इस योजना के तहत 37 एकड़ में 400 करोड़ रुपये की लागत से इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम विकसित किया जाएगा, जबकि आसपास 380 एकड़ में लगभग 1800 करोड़ रुपये की लागत से एरोसिटी टाउनशिप बसाई जाएगी। दोनों को मिलाकर एक ऐसा इंटीग्रेटेड अर्बन हब तैयार किया जाएगा, जहां खेल, व्यापार,



पर्यटन और आधुनिक जीवनशैली का समेकित विकास होगा।इस परियोजना की रूपरेखा 2014-15 में तैयार हुई थी, लेकिन लंबे समय तक यह आगे नहीं बढ़ सकी। उस दौर में विकास की गति अपेक्षित नहीं रही और गाजियाबाद को उसकी क्षमता के अनुरूप पहचान नहीं मिल पाई। पहले की सरकार के दौरान रही सुस्ती के कारण यह प्रोजेक्ट वर्षों तक ठहराव में रहा, लेकिन अब योगी सरकार में इसे प्राथमिकता में रखते हुए तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। 400 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह स्टेडियम अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं वाला होगा। इसमें करीब 30,000 से अधिक दर्शकों की क्षमता, आधुनिक मीडिया सेंटर और हाईटेक लाइटिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं होंगी, जो इसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाएंगी। इस स्टेडियम के बनने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पहली बार बड़े अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबलों की मेजबानी का अवसर मिलेगा। वीसी नंद किशोर कलाल ने बताया कि स्टेडियम के चारो ओर विकसित होने वाली एरोसिटी इस पूरे प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी ताकत होगी। इसमें बड़े होटल, लक्जरी रिजॉर्ट्स, आधुनिक शॉपिंग मॉल, रिटेल जोन, हाई-टेक बिजनेस हब, ऑफिस स्पेस और एंटरटेनमेंट सेंटर विकसित किए जाएंगे। एयरपोर्ट के नजदीक होने के कारण यह क्षेत्र देश-विदेश के पर्यटकों और निवेशकों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र बनेगा। यह परियोजना सिर्फ स्टेडियम या टाउनशिप तक सीमित नहीं है, बल्कि एक नए अर्बन मॉडल के रूप में विकसित की जा रही है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए बोर्ड से प्रस्ताव पारित होने के बाद अब इसे यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के साथ जॉइंट वेंचर मॉडल पर विकसित किया जाएगा। सभी सुविधाओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप डिजाइन किया जा रहा है, ताकि यह प्रोजेक्ट भविष्य में निवेश और विकास का बड़ा केंद्र बन सके। इस मेगा प्रोजेक्ट के पूरा होने से गाजियाबाद और पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को व्यापक आर्थिक लाभ मिलेगा। निर्माण से लेकर होटल, रिटेल और सर्विस सेक्टर तक बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, निवेश बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

## ठंडी हवाएं हुईं गायब, अब झुलसाने वाली गर्मी तोड़ेगी रिकॉर्ड

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम ने अपनी करवट बदल ली है। पिछले कुछ दिनों से जारी आंधी और बेमौसम बारिश का दौर अब पूरी तरह खत्म हो चुका है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में अब भीषण गर्मी की शुरुआत होने वाली है। अगले एक हफ्ते के भीतर तापमान में भारी बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, जिससे लोगों को तपन का अहसास होगा। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 7 दिनों में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अधिकतम तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक उछल सकता है। आने वाले दिनों में कई शहरों में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचने की संभावना है, जिससे दोपहर के समय घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा। लखनऊ के अमौसी स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक 11 और 12 अप्रैल तक पूरे प्रदेश (पूर्वी और पश्चिमी यूपी) में मौसम साफ रहेगा। कड़ी धूप खिलेगी। वहीं धूप के साथ-साथ 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शुष्क हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने फिलहाल 3 दिनों के लिए पूरे प्रदेश को ग्रीन जोन में रखा है, जिसका मतलब है कि अभी बारिश या बिजली गिरने (वज्रपात) का कोई खतरा नहीं है। गोरखपुर से लेकर आगरा तक धूप के तेवर तीखे रहेंगे। मुख्य रूप से इन जिलों में गर्मी का ज्यादा असर दिखेगा उनमें वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, मेरठ, आगरा, मथुरा, झांसी, बरेली, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, गाजीपुर, और बुंदेलखंड के इलाके (बांदा, महोबा, ललितपुर)। इन सभी जिलों में आज से तापमान में लगातार बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राजधानी में बीएसएनएल इंजीनियरों की बैठक 20 साल पुराने पे-स्केल पर जताई नाराजगी

**लखनऊ।** राजधानी के भूतनाथ स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज ऑफिस में शुक्रवार को संचार निगम एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए इंजीनियरों और अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया। यह बैठक एक खुले अधिवेशन के रूप में आयोजित की गई, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों, इंजीनियरों और सरकार के प्रतिनिधियों के बीच संवाद स्थापित कर नीतिगत और जमीनी स्तर की चुनौतियों पर चर्चा की गई बैठक में बीएसएनएल सेवाओं से जुड़ी जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। इंजीनियरों ने नेटवर्क की गुणवत्ता, सेवा में देरी, कनेक्टिविटी की दिक्कतों और ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इसके साथ ही कर्मचारियों ने अपने व्यक्तिगत और सेवा से जुड़े मुद्दों को भी मंच पर रखा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का उच्च स्तर पर समीक्षा कर समाधान निकाला जाएगा। बैठक का सबसे अहम मुद्दा कर्मचारियों को दिए जा रहे इंटरनेट कनेक्शन लगाने के टारगेट को लेकर रहा। एक एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने कहा कि वर्तमान में कर्मचारियों पर अधिक से अधिक कनेक्शन देने का दबाव है, लेकिन सेवा की गुणवत्ता पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने बताया कि कई मामलों में लगाए गए कनेक्शन टिकाऊ नहीं होते और 10 में से 8 कनेक्शन एक-दो महीने के भीतर ही बंद हो जाते हैं। इससे न केवल उपभोक्ताओं का भरोसा कमजोर होता है, बल्कि विभाग की छवि भी प्रभावित होती है। इंजीनियरों ने सुझाव दिया कि केवल संख्या बढ़ाने के बजाय नेटवर्क की गुणवत्ता, रखरखाव और ग्राहक संतुष्टि पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। संगठन के सचिव सुशील त्रिपाठी ने बताया कि इस तरह के खुले अधिवेशन का उद्देश्य सरकार और विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार के प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और जिले स्तर के पदाधिकारी एक मंच पर आकर नीतियों और योजनाओं पर चर्चा करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीएसएनएल एक ऐसा संस्थान है जो केवल व्यावसायिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय हित से जुड़े कई अहम कार्य करता है। ग्रामीण क्षेत्रों, सीमावर्ती इलाकों, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और सुरक्षा एजेंसियों को संचार सेवाएं उपलब्ध कराना इसकी प्राथमिकता है। बैठक में स्वदेशी तकनीक के तहत 4जी और 5जी नेटवर्क के विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। बताया गया कि देश में बड़े पैमाने पर स्वदेशी बीटीएस (बेस ट्रांससीवर स्टेशन) लगाए जा रहे हैं और आने वाले समय में इस संख्या में और वृद्धि की जाएगी। इस पहल को भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस विस्तार के साथ नेटवर्क की गुणवत्ता और स्थिरता सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। बैठक में भारतनेट परियोजना को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस परियोजना के तहत ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाकर हाई-स्पीड इंटरनेट उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

### ईसीजी नसीब नहीं था, आज वही प्रदेश बचा रहा जीवन, डॉ. शरत चंद्रा ने सुनाया 2005 का अनुभव

**लखनऊ।** सीएसआई के एनआईसी 2026 सम्मेलन के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के भीड़ भरे सभागार में जब डॉ. शरत चंद्रा ने बोलना शुरू किया, तो उनका स्वर सिर्फ एक डॉक्टर का नहीं, बल्कि एक बेटे का भी था जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था की सीमाओं को बहुत करीब से महसूस किया था। उन्होंने वर्ष 2005 की एक घटना साझा की। दिसंबर की एक रात करीब 10 बजे चंदौसी स्थित उनके घर से पिता का फोन आया कि बेटा सीने में दर्द हो रहा है, क्या करूं? एक डॉक्टर बेटे के रूप में उन्होंने सहज ही कहा- पापा, कहीं पास में जाकर ईसीजी करा लीजिए। पिता ने कहा कि इस समय रात में ईसीजी कहां हो पाएगा, सुबह ही कराएंगे। डॉ. चंद्रा ने कहा कि उस रात सिर्फ मेरे पिता ही नहीं, मैं भी जागता रहा। अगले दिन ईसीजी सामान्य आया, लेकिन वह रात उनके मन में एक सवाल छोड़ गई कि क्या हमारे पास समय पर इलाज की व्यवस्था है? उन्होंने कहा कि आज, दो दशक बाद, उसी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल चुकी है।

## केमिकल और साइड इफ़ेक्ट-फ्री इलाज से जुड़ें आमजन, मंत्री दयालु ने की प्रदेशवासियों से अपील

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्रा दयालु ने प्रदेशवासियों से केमिकल और साइड इफ़ेक्ट-फ्री उपचार पद्धतियों को अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में सुरक्षित, प्रभावी और प्राकृतिक इलाज की मांग तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में होम्योपैथी एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभर रही है। शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस (10 अप्रैल) के अवसर पर अपने संदेश में मंत्री ने होम्योपैथी की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक उपचार पद्धति नहीं, बल्कि शरीर की आंतरिक रोग-प्रतिरोधक क्षमता को सशक्त बनाने का माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी का मूल सिद्धांत सिमिलिया सिमिलिबस क्यूरेंटर है, जिसका अर्थ है-जैसा रोग, वैसी ही दवा। यह सिद्धांत रोग को जड़ से समाप्त करने की दिशा में कार्य करता है और शरीर को संतुलित रूप से स्वस्थ बनाने में सहायक होता है। आयुष मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में लोग साइड इफ़ेक्ट-फ्री और केमिकल-फ्री उपचार की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। ऐसे में होम्योपैथी एक सुरक्षित, सरल और प्रभावी विकल्प के रूप में सामने आई है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होम्योपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाएं और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाते हुए स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

### छात्र पंचायत का प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ।** प्राइवेट स्कूलों में हर साल बढ़ाई जाने वाली फीस के खिलाफ लखनऊ में शुक्रवार को छात्र पंचायत से जुड़े छात्रों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि सरकार को सबको समान शिक्षा के लिए कानून लागू करना चाहिए। केवल लखनऊ के स्कूलों में फीस की मनमानी पर रोक लगाकर कुछ नहीं होगा। यह बाकी के 74 जिलों में भी लागू होना चाहिए। अगर हमारी बात नहीं मानी गई तो अगले महीने आंदोलन उग्र होगा। प्रदर्शन हजरतगंज में गांधी प्रतिमा के पास राष्ट्रीय छात्र पंचायत के बैनर तले किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने कहा निजी शिक्षण संस्थान आज अभिभावकों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। हर साल किताबों, ड्रेस और बढ़ी हुई फीस के नाम पर लूट मची है। हमने पिछले प्रदर्शन में सभी विधायकों के बादाम भेजा था। वे लोग उसे खा गए और बच्चों के लिए काम भी नहीं किया। शिवम ने कहा लखनऊ जिलाधिकारी ने केवल अपने जिले में यह रोक लगाई। ऐसा नियम हर जिले में सरकार लागू करे। नियम बनाना कानून नहीं होता है।

## अखिलेश यादव के तीखे तंज पर ब्रजेश पाठक का पलटवार

### कहा विदेश में पढ़ने वाले को भारतीय भाषा से क्या मतलब

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव के बीच भाषा को लेकर वार-पलटवार देखने को मिला है। सपा प्रमुख ने अवधी बोलने पर तंज कसा, तो उपमुख्यमंत्री पाठक ने पलटवार करते हुए कहा है कि अखिलेश यादव को भारतीय संस्कृति से और स्थानीय भाषाओं से दिक्कत है। ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को सपा प्रमुख के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अखिलेश यादव के पेट में दर्द है। उन्हें भारतीय संस्कृति से, अवध, भोजपुरी और अन्य स्थानीय भाषाओं से दिक्कत है। वो तो विदेश में पढ़े हैं, उनको भारतीय



भाषाओं, उत्तर प्रदेश की भाषाओं से क्या मतलब है। दोनों नेताओं के बीच घमासान उस समय शुरू हुआ, जब अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्रजेश पाठक का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में ब्रजेश पाठक पत्रकारों के सवालों का जवाब अवधी भाषा में दे रहे थे। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा, भाषा बोलो या बोली, छुपती नहीं चोरी। इससे पहले, ब्रजेश पाठक ने कहा, सपा और कांग्रेस के लोग नहीं चाहते हैं कि हमारी बहनें संसद में बैठें। वे हमेशा माता-बहनों के लिए खाई खोदने में लगी रहती हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहनों के खातिर हमेशा काम करते रहे हैं। एक विशेष सत्र बुलाकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन करके तत्काल लागू करने की व्यवस्था प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। इधर, शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के संकल्प पत्र पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल में एकतरफा चुनाव जीत रही है। तृणमूल कांग्रेस की कलई खुल गई है। गुंडई, अराजकता और कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। बंगाल की आंतरिक सुरक्षा भी पूरी तरह से खराब हो चुकी है। बंगाल की आम जनता टीएमसी से ऊबकर भाजपा के साथ आ चुकी है। भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ बंगाल में सरकार बनाएगी।

### नकली सोना देकर 5 लाख की ठगी, शिक्षक दंपति समेत 3 गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के माल थाना क्षेत्र में लोगों को सस्ते में सोना दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने में शिक्षक दंपति समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नकली सोने के बिस्किट, जेवरात, 8 मोबाइल, 16 सिम और घटना में इस्तेमाल अर्टिगा कार बरामद हुई है। 5 अप्रैल को कुशमौरा निवासी सुभाष मौर्य की स्कूटी से बैग पार कर करीब 5 लाख रुपए लेकर आरोपी फरार हो गए थे। शिकायत के बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। शुक्रवार तड़के काकराबाद अंडरपास पर घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नासा का मून मिशन लॉन्च हुआ डल्कोलैक्स बना अंतरिक्ष यात्रियों की यात्रा का हिस्सा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। नासा का आर्टेमिस ।। मिशन एक ऐतिहासिक कदम है, जिसमें इंसान एक बार फिर चंद्रमा की कक्षा तक पहुँचेंगे। इस 10 दिनों के मिशन पर अंतरिक्ष यात्रियों के पेट और पाचन के स्वास्थ्य का भी खास ख्याल रखा गया है। भारत में ओपेला ब्रांड का मशहूर उत्पाद डल्कोलैक्स इस सफर में उनके साथ होगा। यह दवा नासा की आधिकारिक मेडिकल लिस्ट और फर्स्ट एड किट का हिस्सा है, जो अंतरिक्ष में यात्रियों को कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाएगी। भारत में डल्कोलैक्स को साल 2017 में डल्कोफ्लेक्स नाम से रीब्रांड किया गया था। नुपुर गुरबक्षानी- डायरेक्टर, ब्रांड एंड इनोवेशन, ओपोला इंडिया ने कहा, नासा के मिशन में शामिल होना हमारे ब्रांड में दशकों से हेल्थकेयर प्रोफ़ेशनल्स और उपभोक्ताओं द्वारा जताए गए भरोसे और विश्वसनीयता का प्रमाण है। यह हमारे उस समर्पण को दिखाता है जिसमें हम ऐसे भरोसेमंद




समाधान उपलब्ध कराते हैं जो हर जगह यानी आपके घर से लेकर अंतरिक्ष तक काम करें । अंतरिक्ष यात्रा अद्भुत है – लेकिन पाचन की प्रक्रिया अभी भी पृथ्वी के नियमों का ही पालन करती है। वहां गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण आंतों की गतिविधि काफी धीमी हो जाती है और आंतों के माइक्रोबायोम में बदलाव आ जाता है। सीमित गतिविधि और विशेष आहार के कारण यह स्थिति अंतरिक्ष यात्रियों में कब्ज को एक आम समस्या बना देती है। इसीलिए नासा उन समाधानों पर भरोसा करता है जो प्रमाणित, पूर्वानुमानित होने के साथ ही पूरी तरह विश्वसनीय हों। डल्कोलैक्स नासा के फॉर्मुलरी और फर्स्ट एड किट में शामिल एकमात्र ब्रांड है जो कब्ज और उससे होने वाले लक्षणों – जैसे पेट फूलना, जोर लगाना और कठोर मल से राहत के लिए इस्तेमाल किया जाता है। काफी लंबे समय से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर इसकी निरंतर मौजूदगी इस दवा में कई दशकों से जताए गए भरोसे को दर्शाती है। डल्कोलैक्स बिसाकोडिल टैबलेट्स पेट की प्राकृतिक हलचल को सक्रिय करती हैं, जिससे पाचन तंत्र फिर से सुचारू रूप से काम करने लगता है। इसके परिणाम भरोसेमंद हैं और लगभग 6 घंटे में असर दिखाना शुरू कर देते हैं। यह कब्ज से कोमलता से राहत दिलाती है और इसकी आदत नहीं पड़ती–जो ऐसे वातावरण में बहुत ज़रूरी है जहाँ विश्वसनीयता सबसे अधिक मायने रखती है। अंतरिक्ष में विश्वसनीयता मिशन के लिए बहुत जरूरी होती है। पृथ्वी पर भी इसका उतना ही महत्?व है, जब तनाव, यात्रा या दिनचर्या में बदलाव पाचन तंत्र को बिगाड़ देता है। रोजमर्रा की जिंदगी से लेकर चंद्रमा की कक्षा तक – जब प्रकृति को थोड़ी मदद की जरूरत पड़ती है, तो डल्कोलैक्स आपको आराम दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत में, डल्कोफ्लेक्स का बिसाकोडिल पोर्टफोलियो हर प्रकार की राहत की जरूरत के लिए अलग-अलग फॉर्मेट में उपलब्ध है।

### कांग्रेस ने असम सीएम का पुतला फूंका, मुख्यमंत्री की भाषा अमर्यादित

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला फूंककर अपना गुस्सा जाहिर किया और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी मुख्यालय से दो पुतले लेकर निकले। इनमें से एक पुतला पुलिस के छीनते ही कार्यकर्ताओं ने दूसरे पुतले को वहीं पर जला दिया। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि हिमंता बिस्वा सरमा तत्काल माफी मांगें। उन्होंने देश की छवि खराब की है। उनकी पार्टी खुद को संस्कारी कह रही है और उन्हीं की भाषा अमर्यादित है। प्रदर्शन कर रहे मौके पर कांग्रेस शहर कमेटी के अध्यक्ष शहजाद आलम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष के नेताओं में असम के सीएम की गिनती होती है। उनकी भाषा बेहद खराब और निंदनीय है। जब एक राज्य का मुख्यमंत्री इस तरह की भाषा इस्तेमाल कर रहा है तो ऐसे में पार्टी के दूसरे नेताओं और कार्यकर्ताओं से क्या उम्मीद की जा सकती है।

## योगी सरकार का यक्ष एप स्मार्ट पुलिसिंग को दे रहा धार

- 90 दिनों में एक दर्जन से अधिक मामलों का खुलासा, अपराध नियंत्रण मे तेजी
- आगरा में बुजुर्ग को झूठे आरोप से बचाया, असली गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





फाइल फोटो

लखनऊ। यूपी पुलिस का यक्ष एप अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेलने में अहम भूमिका निभा रहा है। यक्ष एप ने महज 90 दिनों में एक दर्जन से अधिक अपराधिक घटनाओं का खुलासा कर अपराध नियंत्रण पर स्मार्ट पुलिसिंग को नया आयाम दिया है। एप के जरिये अपहरण, हत्या, लूट, चोरी जैसे गंभीर अपराधों का खुलासा किया है। यक्ष ऐप की मदद से पुलिस न केवल तेजी से आरोपियों तक पहुंच रही है, बल्कि घटनाओं के खुलासे का समय भी काफी कम हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में स्मार्ट पुलिसिंग को नई दिशा देने के लिए ‌ल्पुलिस मंथनङ्क कार्यक्रम में यक्ष एप को लांच किया था।डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप स्मार्ट पुलिसिंग के तहत यक्ष एप को लांच किया गया था। यक्ष एप में प्रदेश के अपराधियों का डिजिटल डाटाबेस, सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन आधारित मैपिंग और एनालिटिकल टूल्स जैसी सुविधाएं दी गई हैं। पहले जहां विवेचकों को ल्ल्विलेज क्राइम नोट बुकङ्क जैसे पारंपरिक रजिस्टर पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब कुछ ही मिनटों में अपराधियों की पूरी हिस्ट्री सामने आ जाती है। हरदोई में दर्ज अपहरण के एक मामले में यक्ष ऐप ने चौंकाने वाला सच सामने लाया। जांच में पता चला कि कथित अपहृत व्यक्ति पिछले ढाई साल से जेल में बंद था। इसी तरह जौनपुर में 11 मार्च 2026 को जन सेवा केंद्र संचालक के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा कुछ ही घंटों में कर लिया गया। पुलिस ने यक्ष एप के माध्यम से 42दृ43 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया, जिससे संदिग्धों की पहचान और लोकेशन ट्रैक हुई। मुठभेड़ में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और 1.30 लाख नकद बरामद किया गया। लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में एक घंटे के अंतराल पर हुई दो लूट की घटनाओं का 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया गया। यक्ष एप के जरिए आरोपियों की पहचान, मोबाइल लोकेशन और गतिविधियों का विश्लेषण कर पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। रायबरेली में यक्ष एप की मदद से 8 सदस्यीय अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश हुआ। बरेली में सास और साले की हत्या के आरोपी को पकड़ने में भी यक्ष ने अहम भूमिका निभाई। आरोपी का फोटो और रिकॉर्ड एप से मिलते ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आगरा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को झूठे छेड़छाड़ के आरोप से बचाने में एप उपयोगी साबित हुआ। सीसीटीवी फुटेज और फ़ेस रिकग्निशन के जरिए असली आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। मेरठ, हाथरस, फर्रुखाबाद, कानपुर और गोंडा जैसे जिलों में यक्ष के जरिए कई चोरी और जेबकतरी गैंग का खुलासा हुआ। मेरठ में जेबकतरा गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार किये गये, हाथरस में आभूषण चोरी का आरोपी ट्रेस, कानपुर में ज्वैलरी दुकान से चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ और गोंडा में स्कूलों में हो रही चोरी का खुलासा एप ने किया।

## किसान रजिस्ट्री के लिए सरकार की सख्त रणनीति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राज्य सरकार ने किसान रजिस्ट्री को 100 प्रतिशत पूर्ण करने के लिए मिशन मोड में व्यापक रणनीति लागू कर दी है। तय योजना के अनुसार 30 अप्रैल तक किसान रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय कर दी गई है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 अप्रैल तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसान रजिस्ट्री कैंप स्थापित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसानों को मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे गांवों की पहचान करें जहां रजिस्ट्री का कवरेज कम है और 6 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विशेष अभियान चलाकर वहां 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। सभी भूमि धारक किसान, चाहे वे पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े हों या नहीं, किसान रजिस्ट्री में शामिल किए जाएं। कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। जागरूकता को अभियान का प्रमुख हिस्सा बनाते हुए जिलों को निर्देश दिया गया है कि अखबारों में विज्ञापन, लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं और स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई से उर्वरक, बीज और अन्य कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी।

# प्रेमावती ने जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में किया जागरूक



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** शुक्रवार को भाजपा स्थापना दिवस 2026 के उपलक्ष्य मे ग्राम भरिगवां हरदोई में ग्राम/बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत जनसंवाद व् जनसम्पर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत हरदोई प्रेमावती पीके वर्मा ने ग्राम भरिगवां मे क्षेत्रवासियों से संवाद कर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व् मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध मे जागरूक किया। इसी क्रम मे अध्यक्ष प्रेमावती ने ग्राम भरिगवां स्थित सिद्ध शिवाला मंदिर में दर्शन पूजन व् श्रमदान कर, मातृशक्तियों को भाजपा सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक प्रदान किये। इस अवसर पर कार्यवाहक मण्डल अध्यक्ष/मण्डल महामंत्री रणंजय सिंह, मण्डल मंत्री विभू सिंह, सेक्टर संयोजक विनीत श्रीवास्तव, समूह सखी उषा देवी, समूह अध्यक्ष सरिता देवी व् मनीष दीक्षित सहित मातृशक्ति व् क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया



सम्मानित छात्र-छात्राएं स्टाफ के साथ — फोटोः राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इंटर कॉलेज में शुक्रवार को छात्र छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के दौरान शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा मेहनत का सम्मान ही बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता हैए और कड़ी मेहनत से ही सफलता के द्वार खुलते हैं। आज के विद्यार्थी ही हमारे देश का भविष्य हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य वेद चंद्र वर्मा ने सभी सम्मानित हुए विद्यार्थियों को बधाई दी एवं इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक अमित तिवारी ने छात्र छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका ने भी छात्र.छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय में कक्षा 6, 7, 8, 9, 11 में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं के नाम सुमित, विभा भारती, प्रांशु गौतम, भूमि, शिफा बानो, कार्तिकेय भारती शैरीन, सोनम पांडे, संजय, अमन अनु, अंशिका कठेरिया अंजलि, सुधांशु तिवारी, विवेक, योगेश, आज़मी, अंशिका पाल, विजेंद्र प्रताप सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

## प्रेम प्रसंग में रोड़ा बने युवक को दोस्तों ने ही मौत के घाट उतारा



पुलिस गिरफ्त में हत्या आरोपी — फोटोः राष्ट्रीय प्रस्तावना

**■ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का किया खुलासा**

**शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** मझिला थाना के ग्राम आंझी निवासी युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। आरोपियों ने राम गंगा के किनारे बैठकर शराब पिलाई उसके बाद मार कर रामगंगा नदी में डाल दिया। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। 9 अप्रैल को संध्या सिंह पत्नी अशोक सिंह निवासी आंझी थाना मझिला द्वारा पुलिस को तहरीर दी कि 24 फ़रवरी को आशीष सिंह उर्फ हवलदार पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम आझी, धीरज सिंह पुत्र नवल सिंह निवासी ग्राम आझी और भंवर पाल सिंह उर्फ मुले पुत्र विश्वराज सिंह निवासी रनियामऊ थाना पिहानी व एक अन्य, उसके पुत्र अभय प्रताप को अपने साथ जनपद-फर्रुखाबाद ले गये थे। जहां उक्त लोगों द्वारा उसके पुत्र अभय की हत्या कर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की। मझिला के प्रभारी सतेंद्र कुमार ने हत्या में नामजद आशीष सिंह उर्फ हवलदार पुत्र प्रेमपाल, धीरज सिंह पुत्र नवल सिंह और भंवर पाल सिंह उर्फ मुले पुत्र विश्वराज सिंह को मृतक के मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक राज नारायण ने बताया मृतक व अभियुक्तगण की आपस में मित्रता थी। मृतक अभय की फुफेरी बहन, मृतक के घर पर रहती है। जिसका अभियुक्त धीरज के साथ करीब एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस संबंध में मृतक अभय को जानकारी हो गयी थी जिसका मृतक द्वारा विरोध किया जाता था। 24 फ़रवरी को मृतक अभय व अभियुक्तगण घूमने हेतु थाना राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद गये थे। जहां 25 फ़रवरी की शाम मृतक व तीनों अभियुक्तगण शराब के नशे में थे। तीनो हत्यारोपियों ने अभय को थाना राजेपुर क्षेत्रांतर्गत पुल के नीचे रामगंगा नदी में डुबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या अभियुक्तों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### एसपी के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** मझिला थाना के ग्राम अयांरी में 13 मार्च की रात करीब ०9:30 बजे घर जा रहे युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में एसपी अशोक कुमार मीणा के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पीड़ित रामप्रवेश पुत्र रामशंकर के अनुसार वह मंदिर से घर जा रहा था। गांव के प्राइमरी स्कूल के निकट घात लगाए बैठे सुशील उर्फ़ चुन्ना पुत्र पट्टे लाल ने अपने पुत्र सूरज और पत्नी मीना के साथ उसे रोककर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसके पिता रामशंकर, शिशुपाल, निरंजन, आशाराम सहित अन्य लोगों ने उसे बचाया। विपक्षी उसे जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। उसकी काल पर पी आर बी पुलिस आई। मझिला पुलिस ने उसका मेडिकल भी करवाया लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित की लिखित तहरीर पर एसपी के आदेश से मझिला पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** मझिला थाना के एक गांव से किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने पीड़ित माँ की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री को थाना क्षेत्र के ग्राम सहादत नगर निवासी विकास पुत्र कान्हा पाण्डेय 8 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं भगा ले गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### टेंपो एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति की मौत

**शाहाबाद (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** टेंपो एक्सीडेंट में घायल हुए एक व्यक्ति की इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई। रामनिवास पुत्र रघुवर दयाल निवासी गर्रा थाना सेहरा मऊ दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर के अनुसार उसके पिता रघुवर दयाल 11 वर्षों से अल्लाहपुर सैदी खेल में मकान बनाकर रह रहे थे। 6 अप्रैल को सुबह ०5:00 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले। पाली रोड पर एक तेज रफ्तार टेंपो ने उनके टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गए। घायल को तत्काल सीएचसी ले जाया गया। हालत चिंताजनक होने के कारण डॉक्टर ने हरदोई मेडिकल कॉलेज रेफर किया। हरदोई मेडिकल कॉलेज में भी हालत में सुधार न होने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां 8 अप्रैल को सुबह ०5:15 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई है । पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### 1 क्विंटल 5 किलो गांजे के साथ कार सहित एक को किया गिरफ्तार

**कोथावाँ (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** बेनीगंज पुलिस ने गुरुवार की सुबह एक व्यक्ति को एक कुंटल 5 किलो गांजा मै कार अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

मामले संबंधी बेनीगंज इंस्पेक्टर मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान अवैध गांजा, अफीम, चरस की बरामदगी व गिरफ्तारी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी हरियावाँ के पर्यवेक्षण में कोतवाली क्षेत्र के बरगदिया बैरियर गोमती नदी के नजदीक मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहन से करीब 01 कुंटल 05 किलो अवैध गांजे के साथ जनपद सीतापुर के थाना मिश्रिख अंतर्गत भवानीपुर मजरा जालेपारा निवासी 27 वर्षीय अभियुक्त उज्जवल पुत्र मोहनलाल को भोर 03 बजकर 20 मिनट पर गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है। उन्होंने कहा उपरोक्त व्यक्ति नशीले पदार्थ गांजे की बिक्री करने कहीं जा रहा था। अभियुक्त को पकड़ने वाली टीम में इंस्पेक्टर मार्कण्डेय सिंह, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, उपनिरीक्षक नीरज कुमार, उपनिरीक्षक रोहित कुमार, कांस्टेबल कौशल कुमार, कांस्टेबल सदाकांत व अश्वनी कुमार शामिल रहे।



## बिलग्राम तहसील के 59 गांवों में फसलें बर्बाद, 10 हजार से अधिक किसान प्रभावित

**बिलग्राम (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** तहसील क्षेत्र में आए भयंकर तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। इस प्राकृतिक आपदा से बड़े पैमाने पर फसलों को नुकसान पहुंचा हैए जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। तहसील प्रशासन द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार कुल 59 गांवों में फसल क्षति की पुष्टि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक करीब 10,250 किसान इस आपदा से प्रभावित हुए हैं, जबकि लगभग 2195 हेक्टेयर कृषि भूमि पर खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। नुकसान का आकलन करते हुए प्रशासन ने शासन को करीब 3 करोड़ 75 लाख रुपये की राहत राशि की मांग भेजी है, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जा सके। एसडीएम बिलग्राम एन० राम ने बताया कि जिन किसानों की फसलें नष्ट हुई हैं, वे अपनी पासबुक और आधार कार्ड के साथ तहसील कार्यालय में संपर्क कर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे मुआवजा प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी पीड़ित किसान परेशान न हो, प्रशासन की ओर से सभी प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### आग लगने से हजारों की गृहस्थी हुई राख

**अरवल (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** थाना क्षेत्र के ग्राम खिम्मापुरवा



मजरा कुचिला विजना में अज्ञात कारणों से एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में ग्रामीण कमलेश पुत्र रामपाल की हजारों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग की लपटें और धुआं देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि, जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक झोपड़ी में रखे करीब 150 खाली बोरे, पांच बोरी सरसों, आलू, चारपाई, बिस्तर और मोटरसाइकिल के टायर-रिम सहित सारा कीमती सामान जल चुका था। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस और राजस्व विभाग को दे दी गई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

### हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी बनी किसानो के लिए आफत

**हरपालपुर (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महितापुर में शुक्रवार को हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी किसानों के लिए आफत बन गई। शॉर्ट सर्किट के कारण खेतों में भीषण आग लग गई, जिसमें पूर्व



प्रधान की डेढ़ बीघा फसल और पड़ोसी किसानों की पराली जलकर पूरी तरह राख हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, महितापुर के पूर्व प्रधान सुखदेव यादव के खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के शुक्रवार को तारों में अचानक स्पार्किंग हुई। उससे गिरी चिंगारी ने सूखी फसल को तुरंत चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने आसपास के खेतों में रखी पराली को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। आसमान में धुएं का गुबार देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने निजी संसाधनों व बोरिंग पानी चलाकर आग बुझाने में जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक डेढ़ बीघा फसल जल चुकी थी। घटना की जानकारी राजस्व विभाग को दी गई है। सूचना पर पहुंचे राजस्व विभाग तथा बिजली विभाग अधिकारियों तथा हरपालपुर कोतवाली पुलिस टीम ने मौके का मुआयना किया है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर की मारपीट

**हरपालपुर (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** अरवल थाना क्षेत्र के ग्राम नाऊपुरवा में नशे में गाली-गलौज करने का विरोध करने पर एक व्यक्ति से मारपीट की गई है। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के नाऊपुरवा सर्वेन्द्र सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल की शाम गांव का अमित यादव उनके घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था। विरोध करने पर अमित ने परिवारजनों के साथ मिलकर लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से उन पर हमला कर दिया। शोर शराब सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर सर्वेन्द्र की जान बचाई, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और पुलिस जांच कर रही है।

### किशोरी को भगाने का मामला हुआ दर्ज

**अरवल (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले के आरोप में किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफनामजद प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, उनकी 17 वर्षीय पुत्री बीते 4 अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि गांव का ही निवासी संजू उसे बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। आरोप है कि किशोरी घर से कुछ कीमती जेवरात भी साथ ले गई है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर की गई हैं। पुलिस किशोरी की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## अभद्र टिप्पणी के विरोध में सड़कों पर उतरे काँग्रेस कार्यकर्ता, पुलिस से हुई नोकझोंक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी हरदोई द्वारा असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा का पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन मल्लिकार्जुन खड़गे और पवन खेड़ा के खिलाफ की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी देखने को मिली। जैसे ही कार्यकर्ता पुतला जलाने के लिए आगे बढ़े, पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास कियाए जिससे कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। कुछ समय के लिए मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई और माहौल गरमा गया। हालांकि बाद में वरिष्ठ पदाधिकारियों के हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने शीर्ष नेतृत्व के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यदि जल्द ही माफी नहीं मांगी गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ० राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष भुट्टो मियाँ, अध्यक्ष हसन अहमद, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता देवी, जिला उपाध्यक्ष आफताब हैदर, सोमा सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।





## शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर आम आदमी पार्टी के लगाए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जनपद के शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। जिलाधिकारी अनुनय झा को प्रेषित एक शिकायत पत्र में बेसिक शिक्षा अधिकारी ;बीएसएद्ध अजित सिंह सहित कई अधिकारियों पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष आशुतोष पाठक ने गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि बीएसए अजित सिंह के खिलाफ पहले से ही विभिन्न शिकायतों पर शासन स्तर से जांच चल रही है, लेकिन पद पर बने रहने के कारण वे जांच को प्रभावित कर रहे हैं और अभिलेखों में हेराफेरी कर बचने का प्रयास कर रहे हैं। मांग की गई है कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए उन्हें तत्काल पद से हटाया जाए। इसके अलावा विकास खण्ड संडीलाए कछौनाए भरखनीए सांडी और शाहाबाद के खण्ड शिक्षा अधिकारियों पर कंपोजिट ग्रांट के सत्यापन के नाम पर शिक्षकों से 20 प्रतिशत तक अवैध वसूली करने का आरोप है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि विरोध करने वाले शिक्षकों को धमकाया और प्रताड़ित किया जा रहा है। निर्माण कार्यों में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान कराए गए कई कार्य अभी तक अधूरे हैं, जबकि आरोप है कि अधिकारियों की मिलीभगत से पूरी धनराशि निकाल ली गई। आरोप है कि बिना जेम पोर्टल और टेंडर प्रक्रिया अपनाए सीधे बाजार से खरीद दिखाकर लाखों रुपये का गबन किया गया। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करानेए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और सरकारी धन की रिकवरी कराने की मांग की है।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरपालपुर (हरदोई)।** कोतवाली की महिला उप निरीक्षक अंजना सचान के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पलिया पहुंचकर छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। साथ ही सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को गुड-टच एवं बैड-टच के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिससे बच्चे किसी भी अनुचित व्यवहार की पहचान आसानी से कर सकें और सही समय पर आवाज उठा सकें। उप निरीक्षक अंजना सचान ने कहा कि बाल विवाह निषेध कानून के बारे में जानकारी देते हुए छात्रों को बताया गया कि बाल विवाह न केवल अपराध है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य को भी प्रभावित करता है। टीम की ओर से साइबर अपराधों पर भी विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रॉ, फर्जी वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड जैसे मामलों से बचने के उपाय बताए गए।

## मल्लावाँ में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी बैठक



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**मल्लावाँ (हरदोई)।** कोतवाली में आगामी त्योहारों और डॉ० भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। शुक्रवार शाम को कोतवाली प्रभारी शिवाकांत पांडे ने संभ्रांत व्यक्तियों, अंबेडकर जयंती के आयोजकों और डीजे संचालकों के साथ यह बैठक की। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में भगवान परशुराम जयंती और डॉ० भीमराव अंबेडकर जयंती जैसे आगामी त्योहारों पर चर्चा हुई। कोतवाली प्रभारी ने आयोजकों और डीजे संचालकों को विशेष निर्देश दिए कि तेज ध्वनि में डीजे न बजाया जाए और न ही इसके लिए किसी पर दबाव बनाया जाए। उन्होंने सभी आयोजनों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने का आग्रह किया।

### हाई टेंशन तारों के टूटने से किसान की 10 बीघा फसल जलकर हुई राख

**मल्लावाँ (हरदोई)(राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। दिन में तेज हवा के चलते हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेतों में गिर गया, जिससे भीषण आग लग गयी इस आग से करीब 10 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गईए जिससे एक दर्जन से अधिक किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब साढ़े नौ बजे अचानक तार टूटकर राजबहादुर, उपेंद्र, संदीप, नितेश, अतुल कुमार, मनोज, सुमेर, विमल, प्रकाश, आशीष, ऋषि कुमार और बाबूराम व सुनील कुमार के खेतों में गिर गया। तार गिरते ही गेहूं की फसल में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने में जुट गए। किसानों ने पंपिंग सेट से पानी डालकर और ट्रैक्टर से खेत जोतकर आग को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस, तहसीलदार बिलग्राम और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद



आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसान पहले ही नुकसान झेल चुके थे। ऐसे में इस आगजनी की घटना ने उनकी आर्थिक स्थिति को और भी कमजोर कर दिया है। घटना की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है। मौके पर पहुंची टीम ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## भारत को विश्वगुरु बनाना ही आरएसएस का उद्देश्य

शाखा जैसी अद्वितीय प्रणाली के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण का कार्य संघ करता है। इसी से लाखों स्वयंसेवक तैयार हुए हैं, जिनके जीवन के आदर्श व्यवहार से समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन दिखता है। संघ की कार्यपद्धति अन्य संगठनों से भिन्न और विशिष्ट है। बाल स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक, सभी एक ही आदेश पर कार्य करते हैं। शाखा में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रमों के माध्यम से अनुशासन और संस्कार विकसित होते हैं। संघ के साथ ही समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवकों ने 40 से अधिक संगठनों, जैसे ए.बी.वी.पी., लघु उद्योग भारती, सेवा भारती, विद्या भारती की स्थापना की, जो अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। ये सभी स्वतंत्र, स्वायत्त और स्वावलंबी संगठन हैं। भारत को पुनरू 'विश्वगुरु' के स्थान पर प्रतिष्ठित कर भारत माता को परम वैभव पर ले जाना ही इनका मुख्य उद्देश्य है। आर.एस.एस. के पहले चार प्रचारक रू 1925 में संगठन के रूप में आकार लेने पर आर.एस.एस. के आद्य सरसंघचालक डा. हेडगेवार के सामने चुनौती थी कि संघ के विचारों का देशभर में प्रचार-प्रसार कैसे किया जाए। उन्हें समघ्पत, पूर्णकालिक और संघ की भावना में दीक्षित कार्यकर्त्ताओं की तलाश थी। प्राचीन समय में जैसे ऋषि-महघ्ष परम्परा थी, जो जीवन प्रणाली का अध्ययन कर अलग-अलग समय पर मनुष्य जीवन में आने वाली समस्या का हल प्राणी मात्र को देते थे, उसी प्रकार प्रचारक भी राष्ट्र निर्माण के कार्य में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने में मार्गदर्शन करते हैं। इस परम्परा में पहले 4 प्रचारक थे बाबा साहब आप्टे, दादा राव परमार्थ, रामभाऊ जमगडे और गोपाल राव येरकुंटवार। 2 वर्ष तक प्रशिक्षण के बाद 1929 में डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने प्रचारक व्यवस्था को औपचारिक रूप देने की शुरूआत की। 1930 में जब डा. हेडगेवार सविनय अवज्ञा आंदोलन के लिए जंगल सत्याग्रह में भाग लेने पहुंचे तो सरसंघचालक के पद से इस्तीफा दिया। डा. परांजपे को नया सरसंघचालक बनाया गया। डा. हेडगेवार को पता था कि उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। 1931 में बाबा साहब आप्टे को डा. हेडगेवार ने जेल से बाहर आने के बाद पूर्णकालिक प्रचारक बनाने के लिए चुना। इस तरह इन चारों को संघ की पहली प्रचारक टोली के तौर पर जाना जाता है। इनमें बाबा साहब आप्टे को प्रथम प्रचारक माना जाता है। संघ के पहले पूर्णकालिक प्रचारकों की दीक्षा के लिए एक छोटा सा कार्यक्रम नागपुर में रखा गया, जहां प्रमुख स्वयंसेवक उपस्थित थे। उसी कार्यक्रम में डा. हेडगेवार का छोटा सा सम्बोधन हुआ, जिसमें संगठन का संकल्प और प्रचारकों का जीवन साधुओं की तरह होना चाहिए, इसी पर उनका जोर था। उसके बाद उनके केन्द्र बताए गए कि उनको प्रचार के लिए किस शहर या प्रांत में जाना है। उत्तर-पूर्व में 'संघ के बीज' बोने वाले पहले प्रचारक रू दादाराव परमार्थ यानी गोविंद सीताराम परमार्थ नागपुर के रहने वाले थे। 10वीं की परीक्षा की उत्तरपुस्तिका में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। अध्यापकों ने उन्हें फ़ेल कर दिया, अतरू वह पढ़ाई छोड़कर डा. हेडगेवार के साथ जुड़े और स्वयंसेवक बन गए। 1930 के जंगल सत्याग्रह में डा. हेडगेवार के साथ गए और जेल भी गए। बीमार पड़े तो जेल में डा. हेडगेवार ने ही उनकी देखभाल की थी। उत्तर पूर्व में संघ का कार्य विस्तार करने वाले वह पहले प्रचारक थे। भविष्य के प्रचारकों को जोडने वाले गोपाल राव येरकुंटवार रू गोपाल राव येरकुंटवार ने उस दौर में जितने समघ्पत प्रचारकों को तैयार किया, शायद ही किसी ने किया होगा। उनमें से एक थे भास्कर राव कलाम्बी, जिन्हें वनवासी कल्याण आश्रम के काम को शुरू करने का श्रेय जाता है।

**संघ की कार्यपद्धति अन्य संगठनों से भिन्न और विशिष्ट है। बाल स्वयंसेवक से लेकर सरसंघचालक तक, सभी एक ही आदेश पर कार्य करते हैं। शाखा में होने वाले छोटे-छोटे कार्यक्रमों के माध्यम से अनुशासन और संस्कार विकसित होते हैं। संघ के साथ ही समाज की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवकों ने 40 से अधिक संगठनों, जैसे ए.बी.वी.पी., लघु उद्योग भारती, सेवा भारती, विद्या भारती की स्थापना की, जो अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। ये सभी स्वतंत्र, स्वायत्त और स्वावलंबी संगठन हैं। भारत को पुनरु 'विश्वगुरु' के स्थान पर प्रतिष्ठित कर भारत माता को परम वैभव पर ले जाना ही इनका मुख्य उद्देश्य है।**

# सबरीमाला : संविधान और स्त्री-शक्ति का भारतीय विमर्श

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**सबरीमाला मामला इसी जटिल संबंध का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जहाँ एक ओर धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रश्न है, तो दूसरी ओर समानता, गरिमा और अधिकारों की संवैधानिक व्याख्या सामने आ खड़ी हुई। यह विवाद भले ही महिलाओं के मंदिर प्रवेश को लेकर शुरू हुआ है किंतु यह अपने आप में कई व्यापक अर्थ रखता है, जिसमें भारतीय स्त्री-विमर्श, सांस्कृतिक चेतना और न्यायिक दृष्टिकोण के बीच संवाद सभी कुछ समाहित है।**

भारतीय समाज में धर्म, परंपरा और संवैधानिक मूल्यों का संबंध अत्यंत गहन और बहुआयामी है। सबरीमाला मामला इसी जटिल संबंध का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है, जहाँ एक ओर धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रश्न है, तो दूसरी ओर समानता, गरिमा और अधिकारों की संवैधानिक व्याख्या सामने आ खड़ी हुई। यह विवाद भले ही महिलाओं के मंदिर प्रवेश को लेकर शुरू हुआ है किंतु यह अपने आप में कई व्यापक अर्थ रखता है, जिसमें भारतीय स्त्री-विमर्श, सांस्कृतिक चेतना और न्यायिक दृष्टिकोण के बीच संवाद सभी कुछ समाहित है। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा जो निर्णय सुनाया गया, उस निर्णय के बीच सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए हैं, उनका कहना है कि क्या मासिक धर्म के आधार पर महिलाओं के प्रवेश पर रोक अस्पृश्यता की श्रेणी में आती है? न्यायमूर्ति नागरत्ना कहती है, इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने तीन दिन तक तो महिला को 'अछूत' माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई 'अछूतपन' न रह जाए। न्यायमूर्ति नागरत्ना का यह कथन है कि भेदभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता वास्तव में इस पूरे विमर्श का यही केंद्रीय बिंदु है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 17 समानता, भेदभाव-निषेध और अस्पृश्यता उन्मूलन की बात करते हैं, जबकि अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है। इस प्रकार, सबरीमाला प्रकरण इन संवैधानिक मूल्यों के बीच संतुलन का प्रश्न बन जाता है। इसी तरह से अन्य कुछ प्रश्न उठाने का कार्य यहां न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना दिखाई देती हैं, तब केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने यह तर्क दिया कि सबरीमाला की परंपरा को अस्पृश्यता कहना ऐतिहासिक रूप से उचित नहीं है, क्योंकि अस्पृश्यता मूलतः जाति-आधारित सामाजिक कुरीति रही है। उन्होंने इसे भगवान अयप्पा की नैष्ठिक ब्रह्मचर्य पर आधारित धार्मिक परंपरा बताया, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए। तब इस पूरे विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष जिस रूप में सामने आया, वह है नारी का समग्रता से सम्मान। अब प्रश्न यह है कि क्या भारतीय शास्त्रों में, ज्ञान परंपरा में, हिन्दू व्यवस्था में, सनातन धर्म में स्त्री का स्थान नीचा, ओछा या कमजोर है? इसका उत्तर सहज है कि बिल्कुल भी नहीं, बल्कि विश्व भर की प्राचीन सभ्यताओं में जो अद्यतन है, उनमें तुलनात्मक रूप से हिन्दू सनातन धर्म में स्त्री को अत्यधिक मान, बराबरी का हक दिया गया है । इस संबंध में देवी आराधना को देखा जा सकता है, जोकि भारत में सर्वत्र एक रूप में सर्वव्यापी है। यदि हम दुर्गा सप्तशती का अध्ययन करें, तो स्पष्ट होता है कि स्त्री ब्रह्मांड की मूल शक्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। संपूर्ण दुर्गासप्तशती ही स्त्री महात्म, नारी समम्मान, श्रद्धा और उसके प्रति समर्पण से पूर्ण है। या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः? (दुर्गा सप्तशती, अध्याय 5), इस प्रकार के मंत्रों की पूरी श्रंखला है। विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः,स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।त्वयैकया पूरितमम्बयैतत्, का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः? के माध्यम से कहा गया है कि ''हे देवी! संसार की समस्त विद्याएं तुम्हारे ही भिन्न-भिन्न स्वरूप हैं। इसी प्रकार, विश्व की समस्त स्त्रियां (सकला जगत्सु - संसार में) तुम्हारा ही रूप हैं। हे अंब (माता)! इस पूरे जगत को तुमने ही आच्छादित (पूरित) किया है। तुम्हारी स्तुति भला कौन कर सकता है? तुम तो स्तुति के योग्य शब्दों से भी परे हो।'' कुल मिलाकर समस्त जगत में जो कुछ भी है, वह स्त्री-शक्ति से ही व्याप्त है। यही भारतीय दर्शन का मूल तत्व है जो हमें बताता है कि स्त्री ही सृष्टि की आधारभूत ऊर्जा है। इसी भाव को देवी भागवत पुराण अभिव्यक्त करता है, त्वमेव सृष्टिः त्वमेव पालनं, त्वमेव संहारकारिणी। अर्थात सृष्टि की उत्पत्ति, पालन और संहार–तीनों स्त्री-शक्ति के अधीन हैं। (स्कंध 1, अध्याय 8) । वैदिक साहित्य में भी स्त्री के इसी उच्च स्थान का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद (मंडल 10, सूक्त 125) में वाक सूक्त के माध्यम से स्त्री स्वयं को ब्रह्मांड की अधिष्ठात्री शक्ति के रूप में प्रस्तुत करती है- अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्३ ऋग्वेद (10.125.3) के 'वाक सूक्त' का एक अत्यंत महत्वपूर्ण मंत्र है, जो ज्ञानशक्ति (देवी वाक) की सर्वोच्चता बताता है। इसका अर्थ हुआ, ''मैं (वाक/शक्ति) राष्ट्र की स्वामिनी हूँ, समस्त धनों (वसूनाम्) को इकट्ठा करने वाली (संगमनी) हूँ और श्रेष्ठ ज्ञान रखने वाली (चिकितुषी) हूँ। इस प्रकार से यह सर्वोच्च चेतना या वाणी के रूप में स्वयं को राष्ट्र के ऐश्वर्य और ज्ञान का मूल बताती है। मनुस्मृति में तो यहां तक कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता। (अध्याय 3, श्लोक 56)। जहां स्त्री की पूजा होती है, वहीं देवता निवास करते हैं। वस्तुतः कहना होगा कि यह श्लोक भारतीय समाज की मूल संरचना को दर्शाता है। आधुनिक विद्वान पैट्रिक ओलिवेल (Manu's Code of Law, पृ. 78) भी इसे स्त्री के सम्मान का प्रमाण मानते हैं। हां, यह जरूर है कि अक्सर रामचरितमानस की एक चौपाई को लेकर भ्रम फैलाया जाता है। परंतु गोस्वामी तुलसीदास की भाषा और संदर्भ को समझे बिना उसका अर्थ निकालना उचित नहीं है। उक्त चौपाई में ताड़ना का अर्थ अवधी में देखभाल या संरक्षण होता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल (हिंदी साहित्य का इतिहास, पृ. 214) इस तथ्य को स्पष्ट करते हैं। अब प्रश्न यह है कि यदि भारतीय परंपरा स्त्री को इतना उच्च स्थान देती है, तो सबरीमाला जैसी परंपराएँ क्यों? इसका उत्तर सामाजिक और जैविक यथार्थ में निहित है। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसमें महिलाओं को शारीरिक कष्ट, थकान और असुविधा होती है। इस संदर्भ में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का 2022 का संदर्भ देख सकते हैं, जिसके अनुसार लगभग 70 फीसद महिलाएँ इस दौरान किसी न किसी प्रकार की पीड़ा अनुभव करती हैं। प्राचीन काल में स्वच्छता के साधनों के अभाव के कारण महिलाओं को विश्राम देने के उद्देश्य से कुछ परंपराएँ विकसित हुईं। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि विश्राम हेतु अलग रखना और अस्पृश्य मानना दो अलग अवधारणाएँ हैं। भारतीय समाज में मूल भावना संरक्षण और स्वास्थ्य की थी, न कि भेदभाव की। यहां यह भी समझना होगा कि देवता के दर्शन या उसके पास जाने के लिए तन और मन दोनों की पवित्रता की अनिवार्यता भारतीय परंपरा में अनवार्य बताई गई है, एक बार को हम स्त्री के संबंध में इस विमर्श को छोड़ भी दें तो क्या पुरुषों को यह अनुमति मिल सकती है कि वह मंदिर में जाए, यदि उसके जननांग से रुक-रुक कर मूत्र बूंद-बूद में शरीर के बारह आ रहा है, तो क्या वह स्वयं ही या उसके परिवार जन या मंदिर में यह जानकर की उसका उसके मूल विसर्जन पर अंकुश नहीं, क्या उसे मंदिर में प्रवेश मिलेगा? वैज्ञानिक भाषा में तो वह पानी ही तो है! इसी तरह से मल त्याग या शरीर से लगातार थूक के निकलने एवं नाक का बहना है, होने को तो यह एक क्रिया ही है, क्या तब मंदिर में प्रवेश मिलेगा? सभी हिन्दू घरों में यह सामान्य परंपरा है जिसके लिए कोई किसी से कुछ नहीं कह रहा, स्नान के बाद पूजा करने से पूर्व घर के सदस्य चाहे जहां, इधर-उधर नहीं बैठते हैं। कोई बिना नहाए उनसे गले लगना भी चाहे तो उसे पूजा सम्पन्न होने तक इंतजार करना होता है। फिर यह सबरीमाला प्रकरण तो करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। अतः यहां समझना यही है कि भारतीय दर्शन हमें यह सिखाता है कि स्त्री स्वयं शक्ति है। वह जननी है, पालनकर्ता है और सृष्टि की आधारशिला है। स्त्री समस्ता सकला जगत्सु यही भारतीय जीवन-दृष्टि का सार है। इसलिए आवश्यक है कि सबरीमाला जैसे विषयों पर निर्णय लेते समय संविधान की मर्यादा, शास्त्रों की गहराई और समाज की वास्तविकता इन तीनों को ही साथ लेकर चलना आवश्यक है। यही संतुलन भारतीयता की पहचान है और यही इस विमर्श का वास्तविक समाधान भी है।

# केंद्र की राजनीति में नीतीश, बिहार में भाजपा युग

अजय कुमार

करीब दो दशकों तक बिहार की सत्ता के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का राज्यसभा की राह पकड़ना केवल एक राजनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि उस लंबे दौर का मोड़ है जिसने 2005 के बाद बिहार की राजनीति की दिशा तय की। जिस नेता ने करीब 21 वर्षों तक राज्य की सत्ता को प्रभावित किया, वही अब दिल्ली की राजनीति में नई भूमिका निभाने की तैयारी में हैं। यह बदलाव इसलिए भी अहम है क्योंकि बिहार की राजनीति लंबे समय से एक ही नेतृत्व के इर्द-गिर्द घूमती रही है और अब पहली बार इतने लंबे कार्यकाल के बाद सत्ता में बड़ा संक्रमण दिखाई दे रहा है। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री कार्यकाल बिहार के इतिहास में सबसे लंबे और प्रभावशाली कार्यकालों में गिना जाता है। नवंबर 2005 में स्थायी सरकार बनने के बाद से अप्रैल 2026 तक, अलग-अलग चरणों को जोड़कर उन्होंने लगभग 18 से 19 वर्षों तक मुख्यमंत्री पद संभाला। इस दौरान वे कुल 10 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड माना जाता है। 2000 में पहली बार वे सात दिन के लिए मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद 24 नवंबर 2005 को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के साथ ही बिहार में स्थिर सरकार का दौर शुरू हुआ। राजनीतिक सफर के शुरुआती चरण पर नजर डालें तो 1985 में पहली बार विधायक बनने के साथ उनकी सक्रिय राजनीति शुरू हुई। उसके चार साल बाद, यानी 1989 में वे पहली बार लोकसभा पहुंचे। 1989 से 2004 तक लगातार चार बार लोकसभा सदस्य चुने जाने का रिकॉर्ड उनके नाम रहा। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां निभाईं। 1990 के दशक में कृषि राज्य मंत्री के रूप में काम करने के बाद 1998 से 2004 के बीच रेल मंत्री और भूतल परिवहन मंत्री जैसे अहम मंत्रालय संभाले। रेल मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में कई नई रेल परियोजनाएं शुरू हुईं और यात्री सुविधाओं में सुधार के प्रयास किए गए, जिससे उन्हें प्रशासनिक अनुभव मिला। 2005 में जब उन्होंने बिहार की सत्ता संभाली, तब राज्य की स्थिति कई मायनों में चुनौतीपूर्ण थी। उस समय राज्य की सड़क व्यवस्था कमजोर मानी जाती थी और ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों की कमी थी। 2005 के बाद के वर्षों में हजारों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया गया। आंकड़ों के अनुसार, 2005 से 2020 के बीच राज्य में लाखों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य हुआ, जिससे गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ने की प्रक्रिया तेज हुई। शिक्षा क्षेत्र में भी उनके कार्यकाल को बदलाव के दौर के रूप में देखा गया। 2006 में शुरू की गई साइकिल योजना का प्रभाव सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई गई, जिससे खासकर लड़कियों की स्कूल पहुंच बढ़ी। 2005 में जहां माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का नामांकन प्रतिशत अपेक्षाकृत कम था, वहीं अगले दस वर्षों में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह पोशाक योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं ने भी स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने में भूमिका निभाई। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला उनके शासनकाल की सबसे बड़ी प्रशासनिक पहलों में गिना जाता है। बिहार देश के उन शुरुआती राज्यों में शामिल हुआ, जहां पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी इतनी बड़ी संख्या में बढ़ी। इसके बाद हजारों महिलाएं मुखिया, वार्ड सदस्य और जिला परिषद सदस्य के रूप में सामने आईं। इस फैसले ने ग्रामीण राजनीति का स्वरूप बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कई बदलाव दर्ज किए गए। 2005 के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई और जिला अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार की प्रक्रिया शुरू हुई। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई, जिसे स्वास्थ्य सेवाओं तक बढ़ती पहुंच का संकेत माना गया।हालांकि उनकी राजनीति केवल विकास योजनाओं तक सीमित नहीं रही। गठबंधन की राजनीति में बार-बार बदलाव उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पहचान बन गई। वर्ष 2013 में उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होकर नई राजनीतिक दिशा अपनाई। 2017 में फिर उसी गठबंधन में वापसी की। 2022 में उन्होंने एक बार फिर दिशा बदली और 2024 में पुनः उसी गठबंधन में शामिल हो गए। लगभग 11 वर्षों के भीतर चार बड़े राजनीतिक बदलाव उनके राजनीतिक जीवन की जटिलता को दर्शाते हैं।2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को भी उनके राजनीतिक जीवन का अहम मोड़ माना जा रहा है। राज्य की 243 सीटों वाली विधानसभा में गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला और इसके बाद उन्होंने दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लेकिन चुनाव के चार-पांच महीने के भीतर ही राज्यसभा की ओर बढ़ने का फैसला यह संकेत देता है कि यह केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। राज्यसभा में जाने के साथ ही एक और अहम रिकॉर्ड उनके नाम जुड़ गया है। वे उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था के चारों सदनों विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा की सदस्यता का अनुभव हासिल किया है। भारतीय राजनीति में ऐसे नेताओं की संख्या बहुत कम मानी जाती है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि दिल्ली में उनकी भूमिका क्या होगी। लंबे प्रशासनिक अनुभव के आधार पर यह माना जा रहा है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण या गठबंधन प्रबंधन में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पिछले 30 से अधिक वर्षों के संसदीय अनुभव और लगभग दो दशकों के मुख्यमंत्री कार्यकाल ने उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया है, जो जटिल राजनीतिक समीकरणों को समझने और संतुलित करने में सक्षम माने जाते हैं।दूसरी ओर, बिहार में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया ने नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। राज्य में करीब 13 करोड़ की आबादी और 38 जिलों वाले इस बड़े राज्य का नेतृत्व संभालना आसान नहीं माना जाता। नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि पिछले वर्षों में शुरू की गई योजनाओं को जारी रखा जाए और साथ ही नई प्राथमिकताओं को भी लागू किया जाए। बिहार की राजनीति इस समय एक संक्रमण काल से गुजर रही है। पिछले लगभग 20 वर्षों में जो प्रशासनिक ढांचा तैयार हुआ, उसे बनाए रखना और आगे बढ़ाना नई सरकार के लिए सबसे बड़ी परीक्षा होगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या नई सरकार विकास की उसी गति को बनाए रख पाती है, जो पिछले वर्षों में देखने को मिली थी। नीतीश कुमार का दिल्ली की ओर बढ़ना उनके राजनीतिक जीवन का एक पूर्ण चक्र भी माना जा रहा है। जिस नेता ने सांसद के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी, वही अब मुख्यमंत्री पद से हटकर फिर संसद की ओर लौट रहा है। यह बदलाव केवल पद का परिवर्तन नहीं, बल्कि बिहार और राष्ट्रीय राजनीति दोनों के लिए एक नए दौर की शुरुआत का संकेत है। आने वाले महीनों में यह स्पष्ट होगा कि यह फैसला केवल जिम्मेदारी बदलने तक सीमित था या फिर राष्ट्रीय स्तर पर किसी बड़े राजनीतिक किरदार की भूमिका तय करने की तैयारी।

# भारतीयता में समाहित है वैश्विक कल्याण का मार्ग

प्रो. एस. के. सिंह

**भारतीयता का एक महत्वपूर्ण आयाम प्रकृति के साथ निकटता, सामंजस्य एवं संतुलन रखना है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में वृक्षों, नदियों, पर्वतों एवं धरती को पूजनीय माना गया है, जिसमें यह मान्यता है कि प्रकृति के साथ समन्वय रखकर ही पृथ्वी को बचाकर जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है। सत्य, परोपकार, त्याग, दया, करुणा, अहिंसा, सहिष्णुता, नैतिकता, भक्ति, समर्पण, संयम और राष्ट्रप्रेम जैसे भारतीय जीवन मूल्य, मूल्य-आधारित भारतीयता की आत्मा हैं। कई तरह की विविधताओं के बावजूद 'अनेकता में एकता' भी भारतीयता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। 'साईं इतना दीजिए जामें कुटुम्ब समाय' अर्थात हमें उतना ही संचय करना चाहिए, जितना आवश्यक है। भारतीय मूल्यों की यह गहन अभिव्यक्ति भारतीयता के उस पहलू को उजागर करती है जहां व्यक्तिगत और सामूहिक हित साथ-साथ चलते हैं।**

वर्तमान में अविश्वास की परतों से घिरी हुई विश्व व्यवस्था अनेक प्रकार के संघर्षों एवं अस्थिरताओं से जूझ रही है। ईरान बनाम अमेरिका-इजराइल युद्ध, अमेरिका द्वारा वेनेजुएला में की गई असंगत कार्यवाही, लंबे समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध, पर्यावरण संकट, मानसिक तनाव एवं बढ़ती असहिष्णुता इस बात का प्रमाण है कि आज विश्व गहरे संकट से गुजर रहा है। वस्तुतः पिछले कुछ समय की सैन्य गतिविधियों को देखकर तो ऐसा लग रहा है कि विश्व-व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है एवं धीरे-धीरे दुनिया 'जंगलराज' की ओर बढ़ रही है। टैरिफ को लेकर ट्रंप के अपरिपक्व एवं गैर-जिम्मेदार रवैये तथा पल-पल बदलते उनके बचकाने बयानों ने भूमंडलीकरण के मूल उद्देश्यों पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। जिस भूमंडलीकरण को परस्पर निर्भरता, वैश्विक सहयोग एवं साझा प्रगति का आधार माना गया था, आज वह कमजोर पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इन विषम परिस्थितियों में भारतीय दर्शन, भारत की संस्कृति अर्थात 'भारतीयता' एक ऐसा विकल्प है जो विश्व में स्थायी शांति, संतुलन, समन्वय एवं सहयोग का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। हजारों सालों से पूरी पृथ्वी को एक मानने एवं मानवता के समग्र कल्याण पर आधारित 'वसुधैव कुटुम्बकम', 'सर्वे भवन्तु सुखिनः', 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' जैसे भारतीय सिद्धांतों में विकास और प्रगति का अर्थ किसी एक व्यक्ति या किसी एक राष्ट्र का हित नहीं बल्कि समग्र रूप में पूरी मानवता का कल्याण करना है, अर्थात 'स्व' से 'सर्व' की यात्रा ही भारतीयता है। भारतीयता के इस मूल भाव को भारतीय जीवन दृष्टि के विभिन्न पहलुओं में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। भारतीयता का एक महत्वपूर्ण आयाम प्रकृति के साथ निकटता, सामंजस्य एवं संतुलन रखना है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में वृक्षों, नदियों, पर्वतों एवं धरती को पूजनीय माना गया है, जिसमें यह मान्यता है कि प्रकृति के साथ समन्वय रखकर ही पृथ्वी को बचाकर जीवन को सुरक्षित रखा जा सकता है। सत्य, परोपकार, त्याग, दया, करुणा, अहिंसा, सहिष्णुता, नैतिकता, भक्ति, समर्पण, संयम और राष्ट्रप्रेम जैसे भारतीय जीवन मूल्य, मूल्य-आधारित भारतीयता की आत्मा हैं। कई तरह की विविधताओं के बावजूद 'अनेकता में एकता' भी भारतीयता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। 'साईं इतना दीजिए जामें कुटुम्ब समाय' अर्थात हमें उतना ही संचय करना चाहिए, जितना आवश्यक है। भारतीय मूल्यों की यह गहन अभिव्यक्ति भारतीयता के उस पहलू को उजागर करती है जहां व्यक्तिगत और सामूहिक हित साथ-साथ चलते हैं। इसके विपरीत पाश्चात्य चिंतन के मूल में व्यक्ति, भौतिकता, बाहरी दुनिया एवं बाहरी उपलब्धियां हैं। इसलिए पश्चिम का मूल स्वभाव स्वार्थ है न कि सद्भाव। जिसके कारण कभी-कभी किसी एक व्यक्ति की अनैतिक एवं अनुचित महत्वाकांक्षाओं का खामियाजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ता है। ईरान, अमेरिका-इजराइल युद्ध के चलते पूरी दुनिया में इंटरनेट बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। अनगिनत लाभ के बावजूद अनियंत्रित लालच तथा विज्ञान एवं तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता हमारे विनाश का कारण भी बन सकती है। भारत का स्पष्ट मानना है कि विज्ञान का उपयोग मानवता एवं मानव कल्याण के लिए होना चाहिए न कि व्यक्तिगत लाभ तथा भौतिक सुख-सुविधाओं की अंधी दौड़ एवं प्रभुत्व स्थापित करने के लिए। यही कारण है कि 16 से 20 फरवरी, 2026 को दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की थीम 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' रखी गई थी। इसके पूर्व नई दिल्ली में ही आयोजित जी-20 के शिखर सम्मेलन की मुख्य थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' थी, जिसमें वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का नारा दिया गया था। स्पष्ट है कि भारत को जब भी दुनिया का नेतृत्व करने का अवसर मिला है, भारत ने सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश की है। चूंकि विस्तारवादी सोच की शुरुआत हमेशा लालच से होती है, इसलिए भारतीय चिंतन में इस सोच को कभी भी प्रश्रय नहीं दिया गया। आध्यात्मिकता भारतीय चिंतन की मूल विशेषता है, इसलिए भारतीयता के हर पहलू में हमें इसकी झलक दिखाई देती है। सदियों से भारत में शिक्षा को विद्या, छात्र को विद्यार्थी एवं शिक्षक को गुरु कहा जाता था। शिक्षा हमें बाहरी ज्ञान एवं जीवनयापन सिखाती है, जबकि विद्या एक आंतरिक गुण है जो कि हमारे विवेक, संस्कारों एवं आचरण से जुड़ी होती है तथा हमें सही एवं गलत में भेद करना सिखाती है। शिक्षा सिर्फ सफलता तक सीमित रहती है जबकि विद्या हमें सार्थकता तक ले जाती है। श्री विष्णु पुराण में उल्लेख है कि 'तत्कर्म यन्न बन्धाय, सा विद्या या विमुक्तये' अर्थात कर्म वही है जो बंधन में न बांधे और विद्या वही है जो मुक्त करे। यही कारण है कि भारतीयता में आत्म-बोध अर्थात आत्म-साक्षात्कार पर विशेष बल दिया गया है। शिक्षा वह है जिसे प्राप्त करने के बाद विनम्रता आए एवं व्यक्ति, व्यक्तिगत लाभ की जगह सामूहिक हित को प्राथमिकता दे, इसलिए भारतीय ज्ञान परंपरा में कहा गया है कि 'विद्या ददाति विनयं' अर्थात सच्ची विद्या से व्यक्ति में विनम्रता आती है। भारतीय ज्ञान परंपरा त्याग, परोपकार एवं आत्मबोध पर आधारित होने के कारण संयम, उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यबोध की भावना उत्पन्न करती है, जबकि पाश्चात्य ज्ञान परंपरा तर्क, विज्ञान एवं भौतिकता पर आधारित होने के कारण प्रतिस्पर्धा, अहंकार, श्रेष्ठता-बोध एवं आत्मकेन्द्रित बनाती है। यहां स्पष्ट है कि दुनिया में यदि स्थायी शांति एवं सद्भाव स्थापित करना है तो हमें भारतीयता के मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना होगा। यहां पर यह उल्लेख करना आवश्यक है कि अतीत की ओर लौटना ही भारतीयता नहीं है, बल्कि 'नित्य नूतन, चिर पुरातन' की सोच के साथ भविष्य के लिए एक संतुलित एवं मानवीय मार्ग का निर्माण करना भारतीयता का एक प्रमुख गुण है। यह केवल अतीत की धरोहर नहीं बल्कि भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है। पर्यावरणीय असंतुलन, नैतिक पतन एवं सामाजिक विघटन के इस दौर में भारतीयता के मूल तत्वों से प्रेरित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'पंच परिवर्तन' न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं, क्योंकि भारतीयता का मूल आधार भौगोलिक सीमाएं नहीं बल्कि समस्त जड़-चेतन एवं मानवता है। संघ के पंच परिवर्तन का किसी भी राजनीतिक दल द्वारा विरोध न किया जाना इसकी व्यापक स्वीकार्यता एवं सहमति का सबसे बड़ा प्रमाण है। भारतीयता एवं संवैधानिक आदर्शों से प्रेरित सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी चेतना एवं नागरिक कर्तव्य ऐसे आधारभूत मूल्य हैं जो न केवल भारत के उत्थान तक सीमित हैं बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक और उपयोगी हैं। स्वार्थ एवं संघर्ष में फंसी दुनिया के लिए भारतीयता ही एक मात्र विकल्प है। ऐसे में कहना यही है कि वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में आज विश्व जिन समस्याओं से जूझ रहा है, उन सभी का स्थायी समाधान भारतीयता पर आधारित शिक्षा में निहित है। ऐसी शिक्षा जो आधुनिकता को भारतीय पहचान से जोड़े भारतीय शिक्षा है। शिक्षा में भारतीयता का आशय सिर्फ पीछे मुड़कर देखना नहीं बल्कि वर्तमान से सामंजस्य स्थापित कर एक ऐसी जीवन दृष्टि प्रदान करना है जिसमें व्यक्ति यह समझ सके कि केवल विज्ञान नहीं बल्कि विज्ञान एवं आध्यात्मिकता का सामंजस्य ही वैश्विक समस्याओं के स्थायी समाधान का मूल मंत्र है। आध्यात्मिकता एवं स्वीकार्यता भारतीयता की वे सार्वभौमिक विशेषताएं हैं जो भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में स्थापित करने की क्षमता रखती हैं। यही कारण है कि आज भारत वैश्विक परिदृश्य में एक नई उम्मीद और विश्वास के केन्द्र के रूप में उभर रहा है।

# मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत छात्राओं को किया जागरूक

- सुरक्षा, अधिकार और आत्मरक्षा की दी जानकारी, हेल्पलाइन नंबरों से कराया अवगत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फ़ेज-5 अभियान के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सिविल लाइन उन्नाव में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और आत्मरक्षा के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और किसी भी विपरीत परिस्थिति का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता पूजा मोना त्रिपाठी, डॉ. आशीष श्रीवास्तव एवं अजय कुमार उपस्थित रहे। वक्ताओं ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि आपात स्थिति में इनका सही उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है। इसके साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह ने कहा कि आज के दौर में छात्राओं को न केवल अपने अधिकारों की जानकारी होना जरूरी है, बल्कि उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से भी मजबूत बनना होगा। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने और सतर्क रहने की सलाह दी। वहीं, अन्य वक्ताओं ने भी छात्राओं को जागरूक रहते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने सवाल पूछकर विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। इससे कार्यक्रम और अधिक प्रभावी व संवादात्मक बन गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा करना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और समाज में सुरक्षित वातावरण के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

अंत में विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार द्विवेदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

## ओलावृष्टि से तबाह फसलें, मुआवजे की मांग को लेकर समाजसेवी ने सौंपा ज्ञापन

बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलें नष्ट होने पर प्रमुख समाजसेवी व सपा नेता इमरान सिद्दीकी ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रभावित किसानों को शीघ्र एवं उचित मुआवजा दिलाने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र के ग्राम सभा सादिकपुर, रामदीन खेड़ा, सबली खेड़ा, तमोरिया खुर्द, अरगूपुर, कुशराजपुर, फतेहपुर हमजा, रानीपुर ग्रंट, धानी खेड़ा, माखन खेड़ा, मटकुरी मोहम्मदाबाद, तहरपुर, जगतपुर, गढ़वा, अटवा, अकबरापुर, दशगवां, अमीरपुर, गंभीरपुर, श्रीधरपुर सहित सैकड़ों गांवों में ओलावृष्टि से गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। हजारों बीघा खेती प्रभावित होने से किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इमरान सिद्दीकी ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाए और वास्तविक नुकसान का आकलन कर सभी किसानों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते किसानों को राहत नहीं दी गई, तो उनकी स्थिति और भी दयनीय हो जाएगी।

# लक्ष्य शिक्षण संस्थान का हुआ भव्य शुभारंभ



- पुरवा विधायक अनिल सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बिछिया-उन्नाव। शुक्रवार दोपहर ब्लॉक क्षेत्र के तौरा गाँव भटखेरवा रोड़ स्थित संस्कार डिग्री कॉलेज परिसर में लक्ष्य शिक्षण संस्थान (अंग्रेजी माध्यम) का शुभारंभ करने मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे पुरवा विधायक अनिल सिंह व बिछिया ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद विधायक ने विद्यालय परिसर में उपस्थित जन सभा व नंन्हे मुंन्हे नौनिहालों की संचालित कक्षाओं को देखकर बड़ी ही सराहना की। बच्चो के शिक्षकों को जिंदगी में शिक्षा का आधार बताकर शुभकामनाएं दी। साथ ही शिक्षण संस्थान का नाम लक्ष्य होने को कहा कि यह बच्चो के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक अत्यंत प्रेरणादायक संस्थान हैं। ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने कहा कि इन नौनिहालों का भविष्य गुरुओ द्वारा ही निर्माण किया जाता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि लक्ष्य शिक्षण संस्थान बच्चो के लिए एक लक्ष्य तय करेगा जो बच्चो के भविष्य को सुनहरा व शानदार बनाएगा। सभी मौजूद जन सभा से अपील की कि अपने बच्चो का लक्ष्य संस्थान में प्रवेश कराए ताकि बच्चो का भविष्य उज्ज्वल बन सके। कार्यक्रम में संस्कार डिग्री कॉलेज प्रबंधक विनीत तिवारी,अंकित तिवारी,शोभा तिवारी,अजय श्रीवास्तव, सुनील शुक्ला,राजन बाजपेयी, जवाहर भवन अध्यक्ष सतीश पांडेय व दुर्गेश सहित विद्यालय स्टाफ़ व बच्चो के अभिभावक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल द्विवेदी ने किया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–सिग / टेंडर / 07 / 2026–27 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के एसएसई / सिग / आरबीएलई–एलकेओ के अनुभाग में बिजली आपूर्ति व्यवस्था के उन्नयन के साथ-साथ सीमेंस प्रकार के एलईडी ईसीआर और एलईडी के साथ सीमेंस पारंपरिक ईसीआर और बल्बों का प्रतिस्थापन। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,26,91,412.25/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,53,800.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 30.04.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू. सं.: 106–सिग / टेंडर / 07 / 2026–27 दिनांक: 09.04.2026 1189/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उप जिलाधिकारी मंझनपुर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर/बीएलओ को किया सम्मानित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। उप जिलाधिकारी मंझनपुर द्वारा 252-मंझनपुर अ.जा. विधानसभा क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत नो मैपिंग एवं लॉजिकल एरर से संबंधित नोटिसों के शत-प्रतिशत वितरण एवं निस्तारण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस क्रम में तहसील मंझनपुर के निर्वाचन संबंधी समस्त कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर सुपरवाइजर अखिलेश कुमार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार, अरशद महमूद सहायक अध्यापक/बीएलओ, भाग संख्या 31, प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर प्रथम मध्य द्वारा तहसील में सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने एवं अन्य बीएलओ के कार्यों में सहयोग प्रदान करने के लिए उन्हें भी प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। उप जिलाधिकारी ने दोनों शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर ए.ई.आर.ओ./तहसीलदार सिद्धान्त कुमार, लिपिक सुनील कुमार यादव , पेशकार कमलेश कुमार , राजस्व कर्मचारी मनीष कुमार पाण्डेय , अनिल कुमार सहित निर्वाचन कार्य में लगे अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गंजमुरादाबाद नगर पंचायत में मनोनीत सभासदों ने ली शपथ, विकास कार्यों को गति देने का संकल्प

बांगरमऊ-उन्नाव। शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत गंजमुरादाबाद के कार्यालय सभागार में शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल द्वारा मनोनीत सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने शासन के प्रतिनिधि के रूप में सभी मनोनीत सदस्यों को संवैधानिक मर्यादाओं के पालन की शपथ दिलाई। मनोनीत सभासदों में मिथिलेश पटेल, मनोज विश्वकर्मा एवं आराधना शुक्ला ने शपथ ग्रहण के उपरांत नगर के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी नवमनोनीत सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव का लाभ नगर के विकास कार्यों को मिलेगा।

# नसिरापुर बीआरसी में दो दिवसीय स्टेम रेसिंग कार कार्यशाला सम्पन्न



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में स्टेम रेसिंग कार मॉडल पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ब्लॉक के विभिन्न बेसिक विद्यालयों से चयनित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। गौरतलब है कि बीते 6 जुलाई को उन विद्यालयों में, जहां छात्र संख्या 100 से अधिक थी, स्टेम रेसिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 60 बच्चों का ब्लॉक स्तर पर चयन किया गया, जिन्हें इस विशेष कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला के दौरान बच्चों को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित (ट्टङ्कख्र) आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन तकनीकी नवाचारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का विकास करना रहा।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना संख्या : टीआरडी-5-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-26 |
| 2. | कार्य का नाम : लखनऊ मंडल में यात्री प्लेटफार्मों के ऊँचाई बढ़ने/विस्तार के कारण ओएचई मास्ट/पोर्टल का कंक्रीट जैकेटिंग का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत : रु. 22,58,811.60 |
| 4. | बयाना राशि : रु. 45,200/- |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 माह |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि : दिनांक 06.05.2026 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता : निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट : अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | पात्रता मापदण्ड : निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता। 1. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारी के वैध लाइसेंस की प्रमाणित प्रायप्रति अवश्य जमा करें। |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिए जाएंगे। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी-5-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-26 दिनांक: 09.04.2026 1185/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव-बस्ती सम्पर्क अभियान, विधायक पंकज गुप्ता ने किया जनसम्पर्क

- लाभार्थियों को किया सम्मानित, बोले– निस्वार्थ सेवा और सुशासन के लिए समर्पित है भाजपा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव व बस्ती सम्पर्क अभियान के तहत सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शुक्लागंज के मोहल्ला गांधी नगर, अवधपुरी तथा उन्नाव के मोहल्ला हिरन नगर में पहुंचकर जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने बस्तियों में जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को माला व अंगवस्त्र पहनाकर तथा उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। विधायक पंकज गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ सेवा, अटूट समर्पण और सुशासन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समर्पित यह संगठन निरंतर सेवा, सुशासन और विकास के मार्ग पर अग्रसर है। हम सभी को मिलकर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, नामित सभासद विजय राज, धीरज सिंह, सभासद दुर्गेश गुप्ता, सेक्टर संयोजक जितेंद्र अवस्थी, महामंत्री विनोद त्रिपाठी, हिमांशु, मंडल मंत्री सतीश शुक्ला, पप्पू तिवारी, अनिल शुक्ला, पिंटू, सुजल गुप्ता, दीपू शुक्ला, मंडल महामंत्री जितेंद्र सिसोदिया, संदीप मिश्रा, सुरेशचंद्र तिवारी, अनुज, राजन, राजेंद्र, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवाबगंज में निकली स्कूल चलो अभियान रैली

## शिक्षकों व छात्रों ने किया जनजागरूकता का आह्वान

- निपुण विद्यालयों के शिक्षकों का सम्मान, विधायक बोले– परिषदीय स्कूलों में तेजी से हो रहा सुधार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



नवाबगंज-उन्नाव। विकासखंड नवाबगंज में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती शुचि गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ब्रजेश रावत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

रैली से पूर्व कुंवर महेश सिंह ब्लॉक सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बाद खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, पत्रकार एवं क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुए।

इस अवसर पर निपुण घोषित होने वाले विद्यालयों के शिक्षकों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नवाबगंज की प्रधानाचार्य श्रीमती माधुरी तथा श्यामलाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अनूप समेत कई शिक्षक शामिल रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ब्रजेश रावत ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालयों में भौतिक एवं शैक्षणिक वातावरण में निरंतर सुधार हो रहा है, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराने की अपील की।

रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने बैनर, तख्तियों एवं गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उन्होंने सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं जैसे प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा शिक्षा, डीबीटी के माध्यम से धनराशि, पौष्टिक मध्यान्ह भोजन, आधुनिक कक्षाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर एवं खेलकूद की व्यवस्था की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राकेश तिवारी ने किया। अंत में शिक्षकों ने अधिक से अधिक नामांकन कराकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा. मंडल रेल प्रबंधक हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा सूचना सं. | 5211–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 10.04.2026 |
| 2 | कार्य का नाम | ADEN-HQ/LKO के अंतर्गत SSE/W/CB/LKO के खण्ड में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस, चारबाग, लखनऊ में दरवाजों और खिड़कियों की भारी मरम्मत के लिए पुराने दरवाजों और खिड़कियों के स्थान पर UPVC दरवाजे और खिड़कियाँ लगाना, मॉड्यूलर किचन का निर्माण और अन्य सहायक कार्य के संबंध में विद्युत कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु. 31,30,622.69 (इकतीस लाख अड़तीस हजार छह सौ बाइस रुपये एवं उनहत्तर पैसे मात्र) |
| 4 | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5 | बयाना राशि | रु. 62,600 / – (बासठ हजार छह सौ रुपये मात्र) |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7 | ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 04.05.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8 | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं.: 1211–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक: 10.04.2026 1196/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र नाटक का सजीव मंचन, सत्य और त्याग का दिया संदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम चहलहा स्थित मां मलहटी देवी मंदिर परिसर में श्री बांके बिहारी रासलीला मंडल, श्रीधाम मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा छठवें दिवस सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र नाटक का भावपूर्ण एवं सजीव मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से समाज को सत्य के मार्ग पर अडिग रहते हुए हर परिस्थिति में त्याग और धर्म निभाने का प्रेरणादायक संदेश दिया गया। रासलीला के दौरान दर्शाया गया कि जब राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा की ख्याति चारों ओर फैल गई, तो भगवान ने उनकी परीक्षा लेने का निश्चय किया। इसके लिए ऋषि विश्वामित्र को भेजा गया। उन्होंने स्वप्न में ही राजा से उनका संपूर्ण राजपाट दान में लेने का वचन ले लिया। बाद में दक्षिणा मांगने पर हरिश्चंद्र ने अपनी प्रतिज्ञा निभाने के लिए स्वयं को, पत्नी तारा और पुत्र रोहिताश को अलग-अलग स्थानों पर गिरवी रख दिया और प्राप्त धनराशि दक्षिणा स्वरूप अर्पित कर दी। नाटक में उस मार्मिक दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया, जब पुत्र रोहिताश की मृत्यु हो जाती है और श्मशान में कार्य कर रहे हरिश्चंद्र अपने कर्तव्य का पालन करते हुए पत्नी तारा से अंतिम संस्कार के लिए शुल्क मांगते हैं। तारा द्वारा अपनी साड़ी का अंश फाड़कर शुल्क देने का प्रयास करते ही भगवान प्रकट होते हैं और हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा से प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद देते हैं। भगवान ने उनका समस्त राजपाट लौटाते हुए पुत्र रोहिताश को पुनः जीवित कर दिया।

## मनोनीत सभासदों को ग्रहण कराई गई शपथ

बबेरू/बांदा। नगर पंचायत कार्यालय मे शासन द्वारा मनोनीत तीन सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यकम सम्पन्न हुआ। आज नगर पंचायत परिसर मे उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मनोनीत तीन सभासदों श्यामाचरण अग्रहरि गीता श्रीवास्तव राजकुमारखेगर को उपजिलाधिकारी अवनीश त्यागी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई उपजिलाधिकारी ने सभी सभासदों से संविधान की नियमो का पालन करते हुये ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वो का निर्वहन करने की बात कही नगर पचायत अध्यक्ष डा विवेकानन्द गुप्ता द्वारा सभी मनोनीत सभासदो को बधाई दिया उपजिलाधिकारी/ ईओ नरेन्द्र यादव ने सभी मनोनीत सदस्यों की बधाई दिया कार्यक्रम का संचालन संतोष नंदन गौतम ने किया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–सिग / टेंडर / 05 / 2026–27 |
| कार्य का नाम: एस एंड टी कार्य आईसीडब्ल्यू, लखनऊ–अयोध्या कैंट सेक्शन पर एसएफएस–एमएल स्टेशनों के बीच किमी 1375.391 (बंद एलसी नंबर 182 / सी) पर अतिचार स्थान के बदले आरयूबी का प्रावधान और पूर्णिया–एलकेओ सेक्शन पर एलबीएस और एलकेओ स्टेशनों के बीच आरओबी नंबर 1590 (सदर आरओबी) के पास किमी. 1071.404 पर आरयूबी का प्रावधान और उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के सीनियर डीईएन–IV/एलकेओ के अंतर्गत एडीईएन/I–एनआरएन के अधिकार क्षेत्र में ओआरएन–3 पुलों (कुल 23 पुल) का पुनर्निर्माण। | |
| अनुमानित लागत | रु 5970033.52 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 119400.00 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.04.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / म.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०–106–सिग / टेन्डर / 05 / 2026–27 दिनांक: 09.04.2026
1191/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–सिग / टेंडर / 04 / 2026–27 |
| कार्य का नामः इलेक्ट्रिक इंडस्ट्रीज के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध में उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन में 36 (छत्तीस) महीनों के लिए आईपीएस (12 संख्या) स्थापित किया। | |
| अनुमानित लागत | रु 3818547.36 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु 76400.00 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 30.04.2026 15:30 Hrs. |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / म.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०–106–सिग / टेन्डर / 04 / 2026–27 दिनांकः 09.04.2026
1190/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भाकियू चढ़ूनी ने फसल मुआवजा व गन्ना भुगतान की उठाई मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह के नेतृत्व में किसानों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी खीरी तथा एसडीएम गोला के स्टेनो भगवती प्रसाद गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र में गेहूं की तैयार खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के जीवन यापन और ऋण अदायगी का मुख्य आधार कृषि ही है, ऐसे में फसल बर्बाद होने से उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि बजाज चीनी मिल समूह द्वारा गन्ना किसानों का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों के दैनिक खर्च, इलाज, बच्चों की पढ़ाई और शादी-विवाह जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ऋण वसूली और बिजली बिल की वसूली लगातार जारी है, जिससे किसानों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि जनपद की मंडियों में व्यापारी और बिचौलिये हावी हैं, जो मंडी अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों का शोषण कर रहे हैं। किसानों का गेहूं उचित तरीके से नहीं तौला जा रहा और बिचौलियों द्वारा खरीदा गया गेहूं क्रय केंद्रों के बारदाने में पैक किया जा रहा है। किसानों ने मांग की कि क्षतिग्रस्त गेहूं की फसल का शीघ्र सर्वे कराया जाए और लागत के बजाय उपज के आधार पर मुआवजा दिया जाए। साथ ही गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीद लक्ष्य बढ़ाकर तत्काल खरीद सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा बजाज चीनी मिल समूह से गन्ना किसानों का बकाया भुगतान जल्द कराया जाए, ऋण वसूली व बिजली बिल में राहत दी जाए तथा किसानों के ऋण पर लगे ब्याज को माफ किया जाए मंडियों में हो रही अनियमितताओं की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई इस दौरान आरिफ खान, तहसीन अली, रामू यादव, दलजीत सिंह, तरसेम सिंह, दीपक सिंह अर्कवंशी, अकील, नरेंद्र पाल, मोहम्मद रफी, कल्पना तिवारी, अनुज यादव, धीरज कुमार, दिलीप कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## चैती मेले में बिछड़ा तीन वर्षीय मासूम, पुलिस ने कुछ ही पलों में मां से मिलाया



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला का ऐतिहासिक चैती मेला इन दिनों पूरे शबाब पर है और भारी भीड़ उमड़ रही है। भीड़ के बावजूद मेला प्रशासन की सतर्कता से व्यवस्थाएं सुचारु बनी हुई हैं। मेला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में 9 अप्रैल को एक तीन वर्षीय बच्चा अयांश पुत्र सुशील कुमार, निवासी गोला, अपनी मां के साथ मेला देखने आया था। भीड़ अधिक होने के कारण वह अपनी मां से बिछड़ गया। बच्चे के खोने से परिजन घबरा गए और तुरंत इसकी सूचना मेला प्रभारी संतोष कुमार सिंह को दी। सूचना मिलते ही मेला प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए सभी ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों और सुरक्षा कर्मचारियों को अलर्ट कर दिया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से कुछ ही पलों में बच्चे को खोज लिया गया और सकुशल उसकी मां के सुपुर्द कर दिया।

# अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती व बैसाखी को लेकर हैदराबाद थाने पर पीस कमेटी की बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती एवं बैसाखी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से हैदराबाद थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने की, जबकि प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद भी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न धर्मों एवं समुदायों के लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी ने आपसी भाईचारा, सौहार्द और मेल-मिलाप के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती और बैसाखी जैसे पर्व सामाजिक एकता के प्रतीक हैं, जिन्हें शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी नई परंपरा न शुरू की जाए और सभी लोग प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। यदि किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा उन्माद फैलाने या असामाजिक गतिविधियों का प्रयास किया गया, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान ढखवा पुलिस चौकी इंचार्ज जय नारायण यादव, अजान चौकी इंचार्ज अशोक कुमार सिंह, उप निरीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय, खेमेन्द्र सिंह, हेमन्त कटियार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, क्षेत्रीय पत्रकार एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# खीरी में 25.51 लाख मतदाता, सूची का अंतिम प्रकाशन



- एक सप्ताह तक निरीक्षण का मौका, ऑनलाइन भी देख सकेंगे नाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत शुक्रवार को जनपद में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। 01 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानकर तैयार की गई सूची के अनुसार जिले में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 25,51,741 हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पुनरीक्षण से पूर्व जनपद में कुल मतदाता संख्या 23,84,070 थी। इस दौरान 1,88,386 नए मतदाता जोड़े गए, जबकि 20,715 नाम अपमार्जित किए गए, जिसके बाद अंतिम सूची प्रकाशित की गई। जनपद में वर्तमान में 340 मतदान केन्द्र, 3283 मतदेय स्थल और 3283 बीएलओ तैनात हैं। अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों और सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। मतदाता अपने नाम की पुष्टि वहां जाकर कर सकते हैं। इसके अलावा, आमजन अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन भी मतदाता सूची देख सकते हैं- जिला प्रशासन की वेबसाइटः https://kheri.nic.in/?? मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेशः https://ceouttarpradesh. nic.in/?? अंतिम प्रकाशन के अवसर पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की सॉफ्ट व हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई गई। बैठक में कंग्रेस, बसपा, भाकपा (माले), सपा, भाजपा, अपना दल (एस) और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी के स्थानांतरण पर बार एसोसिएशन ने दी विदाई

गोला गोकर्णनाथ खीरी। सेंट्रल बार एसोसिएशन की ओर से ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी अरुण सिंह राठौर के स्थानांतरण पर शुक्रवार को सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष रामकुमार गौतम ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में न्यायाधिकारी अरुण सिंह राठौर के गैर जनपद स्थानांतरण पर अधिवक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर राठौर ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा मिला सहयोग और स्नेह उनके लिए सदैव यादगार रहेगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय संचालन में बार के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए बार अध्यक्ष रामकुमार गौतम, महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी एडवोकेट, सुरेश चंद गुप्ता, विमल श्रीवास्तव, विजय शुक्ला, रिंकू, रामजी लाल दीक्षित, संजय मिश्रा, नीरज मिश्रा, सुधीर कुमार सक्सेना, अशोक गुप्ता, सुमित गिरी, नरेश सिंह भदौरिया, राम स्वरूप सिंह और विजय वर्मा सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

# नौरंगाबाद पहुंचे सपा प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों को न्याय का भरोसा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सिंगाही खीरी। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को निघासन विधानसभा क्षेत्र के सिंगाही थाना क्षेत्र अंतर्गत नौरंगाबाद गांव पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा, जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, पूर्व विधायक आरएस उस्मानी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल तथा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष भण्डारी यादव शामिल रहे।

प्रतिनिधियों ने धुर्व यादव, लालजी यादव, राम देई, पिंकी यादव, खूबलाल और मुन्ना यादव सहित पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने नौरंगाबाद में दबंगों द्वारा मारपीट और जमीन कब्जाने के मामले में कथित एकतरफा कार्रवाई को चिंताजनक बताया। इस संबंध में सिंगाही थानाध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे को निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि सपा नेतृत्व के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा और पीड़ित महिलाओं से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई एक पक्षीय रही है और प्रदेश के थानों व तहसीलों में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे आमजन की सुनवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने समय पर निष्पक्ष कार्रवाई की होती तो प्रतिनिधिमंडल को गांव नहीं आना पड़ता इस दौरान डॉ. बेनजीर उमर, मन्नान उस्मानी, रामसरूप यादव, मनोज वर्मा, कुलविंदर सिंह और विपिन वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 1311 करोड़ की 538 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों को 1311 करोड़ रुपये की 538 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री पलिया और मोहम्मदी में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भूमि अधिकार पत्र, आवास की चाबी और चेक वितरित करेंगे। जिले में जिन विधानसभा क्षेत्रों को इन परियोजनाओं का लाभ मिलेगा, उनमें लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर, पलिया, निघासन, मोहम्मदी और धौरहरा शामिल हैं। कुल परियोजनाओं में 356 करोड़ रुपये की 345 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 955 करोड़ रुपये की 193 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम चंदन चौकी (पलिया) से शुरू होगा, जहां वे जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां थारू जनजाति के परिवारों को भूमि स्वामित्व अधिकार पत्र, लाभार्थियों को डेमो चेक तथा मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास की चाबियां वितरित की जाएंगी।

# सीएम के दौरे पर गन्ना भुगतान का वादा याद दिलाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद लखीमपुर खीरी आगमन को लेकर मनरेगा मिस्त्री महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष शर्मा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गन्ना भुगतान के पुराने वादे को याद दिलाया है। उन्होंने कहा कि गोला विधानसभा उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गन्ना किसानों को 15 दिनों के भीतर नगद भुगतान कराने की घोषणा की गई थी, लेकिन बजाज समूह की चीनी मिलें अभी तक इस सत्र का भुगतान नहीं कर पाई हैं, जिससे किसान परेशान हैं।

संतोष शर्मा ने कहा कि लखीमपुर खीरी सहित पूरे प्रदेश में वृद्धा पेंशन के फार्म समाज कल्याण विभाग में लंबे समय से लंबित पड़े हैं और अब तक पात्र लाभार्थियों के खातों में पेंशन नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि महज एक हजार रुपये की पेंशन पर निर्भर बुजुर्गों के सामने जीवन यापन की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में मनरेगा कार्यों में अनियमितताएं बढ़ी हैं और मजदूरों को मिलने वाला भुगतान ठेकेदारी व्यवस्था व अधिकारियों की सांठगांठ के कारण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जहां अन्य राज्यों में अधिक पेंशन व सीधा भुगतान देने की घोषणाएं हो रही हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में योजनाओं का लाभ सही ढंग से नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री जनपद में आवासों की चाबी और भूमि प्रमाण पत्र वितरण के कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारी जन संगठनों की समस्याओं को सुनने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

# दो माह से बंद पोषाहार वितरण, इमलिया आंगनबाड़ी केंद्र पर ग्रामीणों का हंगामा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- मोबाइल पर वितरण का मैसेज, रजिस्टर में फर्जी एंट्री के आरोप, सीडीपीओ बोलीं-सोमवार को होगा वितरण

अजान खीरी। ब्लॉक कुम्भी क्षेत्र की ग्राम पंचायत अजान के इमलिया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर पिछले दो माह से पोषाहार वितरण बंद होने का मामला सामने आया है। पोषाहार न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए सीडीपीओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

अजान निवासी अखिलेश वर्मा, विमलेश वर्मा, राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि मार्च और अप्रैल माह से केंद्र पर पोषाहार का वितरण पूरी तरह ठप है। इसके बावजूद लाभार्थियों के मोबाइल पर विभाग की ओर से लगातार मैसेज भेजे जा रहे हैं कि ꠸आपका 25 दिनों का टेक होम राशन वितरित कर दिया गया है।꠹ ग्रामीणों का कहना है कि मार्च माह में भी ऐसा ही संदेश मिला था, लेकिन आज तक किसी को पोषाहार नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा रजिस्टर में फर्जी एंट्री की गई है। उनके अनुसार मार्च माह में 78 बच्चों का विवरण दर्ज दिखाया गया है, जिसमें 54 बच्चों को पोषाहार वितरित दर्शाया गया है और 24 शेष बताए गए हैं, जबकि हकीकत में किसी भी लाभार्थी को पोषाहार नहीं मिला। वहीं अप्रैल माह में अब तक एक भी बच्चे को टेक होम राशन नहीं दिया गया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कार्यकत्री द्वारा केवल कुछ चहेते लोगों को ही लाभ दिया जा रहा है और अधिकांश पात्र लाभार्थियों को वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने इसे सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी और धोखाधड़ी बताते हुए संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में सीडीपीओ गमला देवी ने बताया कि पोषाहार वितरण न होने की सूचना उन्हें मिली है और प्रथम दृष्टया आंगनबाड़ी कार्यकत्री की लापरवाही सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि शनिवार को मोहम्मदी में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होने और रविवार को अवकाश के कारण वितरण नहीं हो सकेगा, लेकिन सोमवार को हर हाल में पोषाहार वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार को भी पोषाहार वितरण नहीं हुआ तो वे जिलाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी से लिखित शिकायत कर आगे की कार्रवाई माग की।

## एसडीएम न्यायालय की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल निजी कर्मचारी से आदेश टाइपिंग की चर्चा

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर स्थित न्यायिक एसडीएम कोर्ट की कार्यप्रणाली इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। आदेश टाइपिंग और फाइलों तक पहुंच को लेकर उठ रहे सवालों ने स्थानीय स्तर पर जिज्ञासा के साथ-साथ चिंता भी बढ़ा दी है। जनचर्चाओं के अनुसार न्यायालय के कुछ कार्यों में अधिकृत कर्मचारियों के अलावा अन्य व्यक्तियों की भूमिका को लेकर संदेह जताया जा रहा है। विशेष रूप से आदेश टाइपिंग जैसे संवेदनशील कार्य में निजी व्यक्ति की संलिप्तता की चर्चा से न्यायिक गोपनीयता और प्रक्रिया की शुचिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारों का मानना है कि न्यायालय जैसे जिम्मेदार और संवेदनशील संस्थान में प्रत्येक कार्य निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। आदेश टाइपिंग, फाइलों का संधारण और अभिलेखों तक पहुंच जैसे कार्य केवल अधिकृत कर्मचारियों द्वारा ही किए जाने चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि, हस्तक्षेप या गोपनीयता भंग होने की संभावना न रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## युवराज दत्त महाविद्यालय में एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने ली शपथ

लखीमपुर खीरी। मिशन शक्ति फ़ेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत शुक्रवार को युवराज दत्त महाविद्यालय में एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. हेमन्त कुमार पाल ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और परिसर में सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण को बढ़ावा देना था। एंटी रैगिंग सेल के संयोजक प्रो. सुभाष चन्द्रा ने रैगिंग को गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों के मानसिक एवं भावनात्मक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और यह शिक्षा के मूल उद्देश्यों के विपरीत है। उन्होंने छात्रों से आपसी सम्मान और सहयोग की भावना बनाए रखने की अपील की। डॉ. अजय वर्मा ने विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर और शिकायत प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। प्रो. एस.के. पाण्डेय ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान पर चर्चा की। मिशन शक्ति संयोजिका प्रो. नीलम त्रिवेदी ने कहा कि महाविद्यालय छात्राओं की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और एंटी रैगिंग समिति सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। प्रो. ज्योति पंत ने छात्राओं की सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। वहीं डॉ. विशाल द्विवेदी ने महाभारत के उदाहरणों के माध्यम से अच्छे आचरण और संस्कारों की महत्ता बताई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. हेमन्त कुमार पाल ने कहा कि रैगिंग एक चिंताजनक प्रवृत्ति है और महाविद्यालय परिसर को रैगिंग मुक्त बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से सहयोगपूर्ण और संवेदनशील व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को रैगिंग न करने की शपथ दिलाई गई।

## ग्राम-बस्ती संपर्क अभियान के तहत घर-घर पहुंची भाजपा, योजनाओं की दी जानकारी



मैलानी खीरी। ग्राम-बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत हैदराबाद गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर संपर्क कर आमजन से संवाद किया गया। इस दौरान प्रदेश की योगी सरकार के 9 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत मैलानी की चेयरमैन श्रीमती कीर्ति महेश्वरी उपस्थित रहीं। उनके साथ मण्डल महामंत्री मिथलेश मिश्रा, महामंत्री रमन सोनी, मण्डल उपाध्यक्ष सुमित अवस्थी, शक्ति केंद्र संयोजक सुनीत मिश्रा, पूर्व प्रधान प्रमोद वर्मा उर्फ शेरू, सतेंद्र सोनी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पारस नाथ मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा डोर-टू-डोर संपर्क कर लाभार्थियों से संवाद किया। साथ ही गांव के वरिष्ठजनों को सम्मानित भी किया गया। वहीं मैलानी मंडल क्षेत्र में भी अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति महेश्वरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क किया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक शिवगोविन्द कुशवाहा, रावत जी, मंजू लता श्रीवास्तव, सरस्वती दूरियां, सुभाष गोयल, पूजा, खूबचंद, हरिदत्त मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, अमित शर्मा, मनोज सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीएम श्री संविलियन विद्यालय सिकंदरपुर में मनाया गया मेधा गौरव दिवस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क







शाहजहांपुर। पीएम श्री संविलियन विद्यालय सिकंदरपुर अफगानान में विद्यालय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मेधा गौरव दिवस के रूप में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि हरि प्रकाश वर्मा क्षेत्रीय विधायक एवं विशिष्ट अतिथि प्रभात राय उप जिलाधिकारी जलालाबाद के द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया इसके उपरांत बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया मोहम्मद जुबेर खान प्रतिभा मिश्रा गुलाम ख्वाजा एवं असमाबी के द्वारा बैज लगाकर तथा अंग वस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके बाद बच्चों के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा बच्चों को पुस्तक वितरण की गई । अतिथियों के द्वारा विद्यालय में नव स्थापित झूलों का भी लोकार्पण किया गया। तथा विभिन्न विधाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की गई वहीं सर्वोदय विद्यालय हरदोई में सफल विद्यार्थी को बैग वितरण किया गया उसके उपरांत विद्यालय की ओर से जिला स्तर पर प्रतिभाग़ करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। माधव शुक्ला को विद्यालय में विद्यार्थियों के विकास एवं सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय उत्थान के लिए कार्य करने वाले शिक्षक को टीचर ऑफ द ईयर के रूप में पुरस्कृत किया गया। वही वही प्रतिभा मिश्रा को बेस्ट टीचर इन कल्चरल प्रोग्राम एवं असमी को बेस्ट टीचर इन इनोवेशन के रूप में सम्मानित किया गया।

विद्यालय के समस्त अध्यापकों को डायरी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही अजय यादव को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के रूप में चयनित किया गया।

कार्यक्रम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कुल 166 छात्रों ने प्रतिभाग़ किया। मुख्य अतिथि हरि प्रकाश वर्मा ने विद्यालय स्टाफ की प्रशंसा करते हुए कहा की विद्यालय के समस्त स्टाफ के द्वारा विद्यार्थी हित में अच्छा कार्य किया जा रहा है एवं वे आशा करते हैं की भविष्य में भी इसी प्रकार का कार्य किया जाता रहेगा।

वही विशिष्ट अतिथि प्रभात राय ने कहा की अभिभावकों को बच्चों को दैनिक स्कूल भेजने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के ब्लॉक नोडल विश्वनाथ प्रताप सिंह, अभिनय मिश्रा, नीरज यादव,अर्चना राठौर, एआर पी नरेंद्र, अरविंद, गुलाम ख्वाजा, असमाबी, सोनी, विकास, विनीता, प्रतिभा मिश्रा ओंकार अंबिका आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अजय प्रिंस उरूज सायला पवन यशोदा आदि छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन माधव शुक्ल ने किया तथा धन्यवाद प्रस्ताव मोहम्मद जुबेर खान ने ज्ञापित किया।

# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब किंग्स

एजेंसी

मुल्लांपुर। पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के



खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य का आसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटन्स को हराना। केकेआर के खिलाफ ईडन गार्डन्स में भी पंजाब किंग्स ने अच्छी शुरुआत की थी। उसके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने शुरू में ही दो विकेट ले लिए थे लेकिन भारी बारिश और आंधी के कारण उसे अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। पिछले सत्र में 500 से अधिक रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने टीम के दृष्टिकोण को स्पष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाड़ी ऑरेंज कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाला बल्लेबाज) या पर्पल कैप (टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज) हासिल करने की होड़ के बजाय सामूहिक सफलता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उसकी यह मानसिकता कूपर कोनोली की गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 72 रनों की पारी और विजयकुमार वैशाक के गेंदबाज़ी में बढ़ते प्रभाव में स्पष्ट नजर आता है। जहां तक सनराइजर्स हैदराबाद की बात है तो उसके लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है। सनराइजर्स के शीर्ष क्रम में धाकड़ बल्लेबाज हैं लेकिन उनके नहीं चल पाने के कारण टीम लड़खड़ा रही है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ ऐसा देखा गया जब ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की खतरनाक सलामी जोड़ी सस्ते में आउट हो गई थी। हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट जैसे गेंदबाजों की नाकामी के कारण सनराइजर्स हैदराबाद की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उसके खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी और हेनरिक क्लासेन के एलएसजी के खिलाफ मैच में अच्छे प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। स्पिनर हर्ष दुबे ने पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन की झलक दिखाई है और उनसे उम्मीद की जाएगी कि वे अपनी फॉर्म को बरकरार रखें। उनादकट ने पिछले मैच में 23 गेंदों में 50 रन लुटा दिए थे और सौराष्ट्र के इस अनुभवी गेंदबाज को इसकी भरपाई करने की सख्त जरूरत होगी। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को एलएसजी के खिलाफ आखिरी ओवर में नौ रन बचाने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा था, लेकिन वह इसमें नाकाम रहे।

# मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना

एजेंसी



कोलकाता। युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी का बचपन से ही सपना था कि वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का समापन करें और गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन विकेट से जीत दिलाकर उन्होंने अपना यह सपना पूरा कर दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने 27 गेंद पर नाबाद 54 रन बनाए जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल हैं। मुकुल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''मैं यह पारी अपने पिता को समर्पित करता हूं। शादी से पहले से ही उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने। मैं एमएस (धोनी) सर को भी देखता रहा हूं कि किस तरह से वह पारी समाप्त करते हैं। मैं भी उसी नंबर पर खेलता हूं, इसलिए मैं यह पारी उन्हें भी समर्पित करता हूं। मुकुल ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और वह हर दिन लगभग 150 छक्के लगाने का अभ्यास करते हैं। गउन्होंने कहा, ''मेरे 'जीन्स' ऐसे हैं और मेरी शारीरिक बनावट ऐसी है कि मेरे शॉट्स में ताकत होती है। मैं खूब अभ्यास भी करता हूं। मैं हर दिन लगभग 100-150 छक्के लगाता हूं। पिछले पांच-छह महीनों से मैंने बहुत अभ्यास किया और इसका असर अब मेरी बल्लेबाजी में देखने को मिल रहा है। उन्होंने धोनी की तरह अपने 'हेलीकॉप्टर शॉट' के बारे में भी बात की। उन्होंने 17वें ओवर में वैभव अरोड़ा की गेंद पर इसी तरह का शॉट लगाकर छक्का जड़ा था। मुकुल ने कहा, ''मैंने बचपन से ही उस शॉट का अभ्यास किया है। मुझे यह शॉट खेलना बहुत पसंद है। धोनी जिस तरह से पारी का अंत करते हैं वह भी मुझे पसंद है। वह यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे। अगर आप उस तरह की गेंद पर भी छक्का जड़ देते हैं, तो गेंदबाज कुछ अलग करने के बारे में सोचने लगता है।

# फुटबॉल विश्व कप के लिए चुने गए 52 रेफरी में दो महिलाएं भी शामिल

एजेंसी

मैनचेस्टर। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफ़ा ने दो महीने बाद शुरू होने वाले विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 52 रेफरी का चयन किया है जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। अमेरिका की टोरी पेन्सो और मैक्सिको की काटिया गार्सिया के रूप में दो महिला रेफरी इस सूची में शामिल हैं। फीफा ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तीन महिलाओं को सहायक रेफरी और एक महिला को वीडियो मैच अधिकारी के रूप में भी चुना गया है। यह दूसरा अवसर है जबकि पुरुषों के विश्व कप में महिला रेफरी भाग लेंगे। कतर में चार साल पहले खेले गए विश्व कप में तीन महिला रेफरी और तीन महिला सहायक रेफरी शामिल थीं। पेन्सो 2023 में महिला विश्व कप के फाइनल में रेफरी थीं। फीफा ने कहा कि रेफरी का चयन प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के आधार पर किया गया है। रेफरी विभाग के प्रमुख पियरलुइगी कोलिना ने कहा, ''हमने चार साल पहले कतर में महिला अधिकारियों की नियुक्ति की थी और इस बार छह महिला मैच अधिकारियों का चयन करके हमने उस सिलसिले को जारी रखा है क्योंकि हमारा लक्ष्य महिला रेफरिंग को बढ़ावा देना है। फीफा ने कहा कि टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी हिस्सा लेंगे, जिनमें 52 रेफरी, 88 सहायक रेफरी और 30 वीडियो मैच अधिकारी शामिल हैं। यह संख्या विश्व कप 2022 में शामिल 139 मैच अधिकारियों से अधिक है। विश्व कप 2026 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप है, जिसमें 48 टीमें भाग लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। यही नहीं यह पहला विश्व कप होगा जिसकी सह-मेजबानी तीन देश करेंगे। पिछले विश्व कप में भाग लेने वाले कई रेफरी को इस साल के टूर्नामेंट के लिए भी चुना गया है। इनमें पोलैंड के साइमन मार्सिनियाच भी शामिल हैं, जिन्होंने चार साल पहले फाइनल में रेफरी की भूमिका निभाई थी।

# सीएसके खाता खोलने को बेताब, सैमसन और गायकवाड़ पर होगा दबाव

एजेंसी

चेन्नई। सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है। सीएसके को अगर अपना खाता खोलना है तो उसे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक खेले गए तीन मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की अनुपस्थिति ने भी टीम के संतुलन को प्रभावित किया है। दक्षिण अफ्रीका के



इस विस्फोटक बल्लेबाज के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चोट से उबरकर वापसी करने की उम्मीद है। हालांकि महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, जो पिंडली में खिंचाव के कारण इस सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। सीएसके के लिए हालात बेकाबू होने से पहले सैमसन और गायकवाड़ की सलामी जोड़ी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कार्तिक शर्मा को भी मध्य क्रम में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है, जबकि प्रशांत वीर ने निचले क्रम में अच्छा खेल दिखाया है। एकमात्र बल्लेबाज जिसने निरंतरता दिखाई है, वह सरफराज खान हैं, जो खुद को साबित करना चाहते हैं। सीएसके के गेंदबाजों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 250 रन लुटाए, जो बल्लेबाजों के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य साबित हुआ। खलील अहमद को छोड़कर बाकी सभी गेंदबाजों ने प्रति ओवर 12 या उससे अधिक रन लुटाए। चेपॉक में यह सत्र का दूसरा मैच होगा। इससे पहले यहां जो पिछला मैच खेला गया था उसमें पंजाब किंग्स में 210 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम दिल्ली में खेले गए पिछले मैच में गुजरात टाइटन्स के हाथों एक रन से मिली हार से आहत होगी। अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम आईपीएल जैसे बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में लय बरकरार रखने के महत्व को समझती है और अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ स्कोर बराबर करने के लिए डेविड मिलर का एक रन लेने से इनकार करना पूरे सत्र में बहस का विषय बना रहेगा, लेकिन निश्चित रूप से ड्रेसिंग रूम में इस पर चर्चा नहीं होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कैफ ने पंत के बारे में कहा, आप जिम्मेदारी नहीं लेंगे तो मैच जीतने में मदद नहीं कर सकते

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत की आलोचना करते हुए कहा कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपनी खेल की समझ में सुधार करना होगा और लगातार अच्छे परिणाम के लिए अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। एलएसजी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पंत इस मैच में केवल 10 रन बना पाए थे और उनके शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। मुकुल चौधरी के नाबाद 54 रन की मदद से एलएसजी ने यह मैच जीता था। पंत के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है और कैफ ने इसी संदर्भ में उनकी आलोचना की। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, '''टीम को जरूरत थी कि वह अंत तक क्रीज पर टिके रहें। वह अनुभवी खिलाड़ी हैं, जो 2016 से आईपीएल में खेल रहे हैं। जब वह बल्लेबाजी करने आए तो स्थिति मुश्किल नहीं थी। एलएसजी ने पहले पांच ओवरों में ही 41 रन बना लिए थे। किसी एक बल्लेबाज को जिम्मेदारी लेनी थी और अंत तक बल्लेबाजी करनी थी। यह भूमिका पंत को निभानी चाहिए थी। उन्होंने कहा, ''कप्तान होने के नाते अगर आप जिम्मेदारी नहीं लेते हैं, तो आप अपनी टीम को मैच जिताने में मदद नहीं कर सकते। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उन्हें निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। उन्हें मैच की स्थिति को बेहतर ढंग से समझना होगा और यह सीखना होगा कि कब अपनी रणनीति बदलनी है। कैफ ने कहा, ''एक कप्तान का काम होता है कि वह लक्ष्य का पीछा करते हुए अंत तक टिका रहे और पंत को इसी पर काम करना होगा। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि एलएसजी इस सत्र में अपने प्रमुख खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद जीत रही है जिससे यह स्पष्ट हो गया कि वह पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। गावस्कर ने कहा, ''वे (एलएसजी) मुश्किल स्थिति में थे, लेकिन अपने युवा खिलाड़ियों की मदद से जीत हासिल करने में कामयाब रहे। मिचेल मार्श ज्यादा रन नहीं बना पाए, एडन मारक्रम ने सिर्फ 22 रन बनाए। पंत और पूरन भी लय में नहीं आ सके। उन्होंने कहा, ''अपने मुख्य बल्लेबाजों के संघर्ष के बावजूद एलएसजी ने खुद को संभाला और जीत हासिल की। पिछले साल वे पूरी तरह से अपने इन मुख्य खिलाड़ियों पर निर्भर थे। इस सत्र में वे इन खिलाड़ियों पर निर्भर हुए बिना भी जीत हासिल कर रहे हैं। गावस्कर ने कहा, ''एलएसजी के लिए चिंता का विषय निकोलस पूरन की खराब फॉर्म है। केकेआर के खिलाफ वह लय में नहीं दिखे। एलएसजी को पूरन का आत्मविश्वास वापस दिलाने का कोई तरीका ढूंढना होगा। उन्होंने युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी की भी प्रशंसा की। गावस्कर ने कहा, ''मुकुल चौधरी बेखौफ होकर बल्लेबाजी करता है। उसने अविश्वसनीय पारी खेली। मुझे आईपीएल में यही बात सबसे अच्छी लगती है कि हर दिन हमें कुछ नया देखने को मिलता है। उसने जो आत्मविश्वास दिखाया और जिस तरह से अपने शॉट खेले, वह देखना वाकई अद्भुत था।

### आरोन राय मास्टर्स टूर्नामेंट में संयुक्त 10वें स्थान पर

**आगस्टा (अमेरिका)।** भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार शुरुआत की लेकिन आखिर में उनका स्कोर एक अंडर 71 रहा जिससे वह 90वें मास्टर्स टूर्नामेंट में पहले दौर के बाद संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। वह शीर्ष पर चल रहे मौजूदा चैंपियन रोरी मैकलॉय और सैम बर्न्स से चार शॉट पीछे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। वह अभी संयुक्त 33वें स्थान पर हैं। उन्होंने बैक नाइन पर तीन बोगी और एक डबल बोगी की जिसके कारण वह अच्छी शुरुआत के बावजूद नीचे खिसक गए।

### आयुष शेट्टी ने क्रिस्टी को हराकर एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई

**निंगबो (चीन)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफ़ेर करते हुए बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में क्रिस्टी को 23-21, 21-17 से शिकस्त दी। यह क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर पर पहली भिड़ंत थी। क्रिस्टी एशियाई खेलों के साथ एशियाई चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक विजेता हैं। वह उस इंडोनेशियाई टीम का भी हिस्सा थे जिसने 2020 में थॉमस कप जीता था। मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी ने बृहस्पतिवार को राउंड 16 में चीनी ताइपे के 20वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी ची यू जेन को हराया था।

### हॉकी इंडिया ने जूनियर महिला टीम के कोच के तौर पर खांडेकर की जगह टिम वाइट को नियुक्त किया

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे। राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और वाइट के अनुबंध के कार्यकाल का खुलासा भी नहीं किया। वाइट ने हाल में इस साल जनवरी में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में 'अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स' के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्हें बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में भी कोचिंग करने का अनुभव है। भारत आने से पहले वाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे और उन्होंने पिछले साल जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे। इस दौरान टीम की विश्व रैंकिंग 12वें स्थान से सुधरकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई थी।

# एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तपोषण परिस्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क के समर्थन से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 6.9 प्रतिशत रहने का शुक्रवार को अनुमान लगाया। वहीं अगले वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है। 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे कई माध्यमों के जरिये भारत के व्यापक आर्थिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इनमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, व्यापार प्रवाह में बाधा एवं धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी शामिल हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत




के बाहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। एडीबी ने अनुमान जताया कि खाद्य कीमतों में पहले आई गिरावट के बाद उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, मुद्रा की कमजोरी और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.1 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत हो सकती है। अगले वित्त वर्ष 2027-28 में तेल कीमतों में नरमी के कारण यह घटकर चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था के गत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से अधिक है। इस वृद्धि की मुख्य वजह आयकर और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, खाद्य कीमतों में गिरावट से मजबूत घरेलू खपत और स्थिर सार्वजनिक निवेश का माना जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, '' वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक माहौल के बिगड़ने के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहने का अनुमान है। यह गतिविधि मजबूत घरेलू मांग से संचालित होगी, जिसे आसान वित्तपोषण परिस्थितियों एवं और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क से समर्थन मिलेगा। एडीबी ने कहा कि 2027-28 में वृद्धि दर बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो सकती है जिसे घरेलू सुधारों, यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौतों के प्रभाव और सरकारी वेतन वृद्धि से समर्थन मिलेगा। दिसंबर 2025 में जारी 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज की 2025-26 में बिक्री बुकिंग 16 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 34,171 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड की बिक्री बुकिंग गत वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत आवासीय मांग के दम पर सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 34,171 करोड़ रुपये हो गई। 'बिक्री बुकिंग' (प्री-सेल) के लिहाज से गोदरेज प्रॉपर्टीज के 2025-26 में सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों में सबसे बड़ी कंपनी बनने की संभावना है। कंपनी ने गत वित्त वर्ष के लिए 32,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य रखा था जिसे उसने पार कर लिया है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, '' वित्त वर्ष 2025-26 में बुकिंग मूल्य सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 34,171 करोड़ रुपये रहा। यह 17,515 इकाइयों की बिक्री के जरिये हासिल हुआ, जिनका कुल क्षेत्रफल 2.7 करोड़ वर्ग फुट है। मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह भारत में किसी भी सूचीबद्ध रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा अब तक घोषित सबसे अधिक वार्षिक बुकिंग मूल्य एवं मात्रा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौरव पांडे ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का संतुलित प्रदर्शन भारत के प्रमुख महानगरीय बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाले मकानों की मजबूत मांग को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कंपनी के पास वित्त वर्ष 2026-27 के लिए मजबूत परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं और भविष्य में भी वृद्धि के लिए निवेश जारी रखेंगे।

## बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से 2.49 लाख हेक्टेयर में रबी फसलें प्रभावित आकलन जारीः चौहान

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बेमौसम बारिश तथा ओलावृष्टि से कई राज्यों में करीब 2.49 लाख हेक्टेयर में खड़ी रबी की फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। विभिन्न एजेंसियां वास्तविक नुकसान का आकलन लगा रही हैं। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में 'उन्नत कृषि मेला' के शुभारंभ से पहले चौहान ने पत्रकारों से कहा, '' फसलों को हुए नुकसान का आकलन अभी जारी है। इसका आकलन तीन अलग-अलग विभाग लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। इसके बाद बागवानी फसलों को क्षति पहुंची है। 2.49 लाख हेक्टेयर का आंकड़ा आठ अप्रैल तक की रिपोर्ट पर आधारित है।

# सर्राफा बाजार में फिसला सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज गुरुवार के शुरुआती कारोबार की तुलना में 2,170 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,360 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी कीमत में भी कल के शुरुआती कारोबार की तुलना में 5,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,470 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,39,990 रुपये प्रति



10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,51,620 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,52,720 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,39,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,51,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,38,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,51,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों का संगठित होना जरूरी : अतुल लिमये

■ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



देवरिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, देवरिया द्वारा देवरिया क्लब में शुक्रवार को प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य नागरिक, शिक्षक, अधिवक्ता, व्यापारी एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के अखिल भारतीय सह सरकार्यवाह वरिष्ठ प्रचारक अतुल लिमये ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों, राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका एवं संगठन की कार्यपद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के सौ वर्ष की यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज के प्रमुख लोगों के साथ इस प्रकार की गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों का संगठित होना आवश्यक है। सेवा, संस्कार और संगठन के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। युवाओं से उन्होंने राष्ट्रहित में आगे आने और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार रखे और ऐसी गोष्ठियों को समाज जागरण के लिए उपयोगी बताया।

व्याख्यान के अंत में जिज्ञासा समाधान सत्र में अतुल लिमये ने प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। इस अवसर पर संघ के विभाग, जिला एवं नगर स्तर के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में प्रमुख जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाचार्य श्रवण ने किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजधारी विभाग संघचालक, मकसूदन जिला संघचालक, नमो नगर संघचालक, रामप्रवेश विभाग कार्यवाह, कृष्णप्रताप, विकास जिला कार्यवाह , मुकुंद नगर कार्यवाह, विनय प्रांत कार्यवाह, वीरेंद्र सह प्रांत कार्यवाह, रमेश प्रांत प्रचारक, सुरजीत सह प्रांत प्रचारक, दीपक विभाग प्रचारक, आकाश जिला प्रचारक और सौरभ नगर प्रचारक आदि प्रमुख रूप से उपस्थति रहे।

# मुरादाबाद में जिला पंचायत द्वारा बनाए गए नूरपुर के अमृत सरोवर की मुख्यमंत्री की तारीफ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। मुरादाबाद जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शैफाली सिंह ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। डॉ शैफाली सिंह ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा हमारे पैतृक ग्राम नूरपुर में हुए विकास कार्यों की प्रशंसा की गई व अमृत सरोवर पर हुए भव्य धार्मिक आयोजन के लिए बधाई प्रेषित की। इसके साथ ही सीएम योगी ने आगामी पंचायत चुनाव, उप्र विधानसभा चुनाव-2027 व जिला पंचायत के अंतर्गत हुए विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

डॉ शैफाली सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने ग्राम नूरपुर में बने ऐतिहासिक अमृत सरोवर के लिए बधाई दी व मुरादाबाद जिला पंचायत के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की भी सराहना की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि हमारे पैतृक गांव नूरपुर संभल रोड मुरादाबाद में 15 अगस्त 2022 को तत्कालीन कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह के कर कमलों द्वारा अमृत सरोवर के निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। निर्माण के पश्चात गांव में यह किसी पर्यटन स्थल से कम नहीं माना जा रहा है। मंडल के विभिन्न जनप्रतिनिधियों व प्रतिष्ठित उद्योगपतियों ने ग्राम नूरपुर की तुलना प्रमुख पर्यटन स्थलों से की। कहा, जिला पंचायत मुरादाबाद में अपने कार्यकाल के दौरान मेरे द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन व प्रेरणा से संपूर्ण जनपद के सभी ब्लॉकों में 780 से अधिक गांवों में विकास कार्य करवाएं गयें हैं।

## प्रयागराज में 1.40 करोड़ की स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित धूमनगंज थाना एवं नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रयागराज की संयुक्त पुलिस टीम ने शुक्रवार को स्मैक की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को सूबेदार रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने तीनों आरोपितों के कब्जे से 704.88 ग्राम स्मैक बरामद किया। बरामद की गई स्मैक की अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ 40 लाख 97 हजार 600 रूपये की है। यह जानकारी शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में इस गिरोह का मुखिया प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के ताड़बाग निवासी सचिन पासी पुत्र जीतलाल है।

# बलिया में सातवीं चंद्रशेखर हाफ मैराथन का लोगो लांच, की गयी तैथरियों की समीक्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




बलिया। उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया में पूर्व प्रधानमंत्री जननायक चंद्रशेखर की स्मृति में 19 अप्रैल को होने वाली सातवीं हाफ मैराथन का लोगो गुरुवार को देर शाम राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने अपने आवास 'झोपड़ी' पर चंद्रशेखर मैराथन समिति के सदस्यों की मौजूदगी में लांच किया। इस अवसर पर अब तक की गयीं तैयारियों की समीक्षा भी की गयी। पटपर (पचखोरा) स्थित शारदा पेट्रोल पंप से जिला मुख्यालय स्थित वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम तक 21.1 किमी दूरी वाले इस मैराथन की सफलता को लेकर गुरुवार देरशाम हुई बैठक में विभिन्न समितियों के गठन को अंतिम रुप दिया गया। लेखा समिति, उद्घाटन समिति, व्यवस्था समिति व समापन समिति से लेकर खिलाड़ियों को रिसीव करने व उनके ठहरने के इंतजामों पर व्यापक चर्चा हुई। काफी देर तक चर्चा के बाद आयोजन समिति से जुड़े सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गयी। आयोजन समिति के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि चंद्रशेखर हाफ मैराथन की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। पूर्व प्रधानमंत्री की गरिमा और वैश्विक खिलाड़ियों के आगमन को देखते हुए इस बार के आयोजन को भव्य रुप देना है। चंद्रशेखर मैराथन समिति के सचिव उपेंद्र सिंह ने पूरे आयोजन की रुपरेखा सबके सामने प्रस्तुत किया। तकनीकी विशेषज्ञ पंकज सिंह ने खिलाड़ियों के पंजीकरण और उनकी बड़ी संख्या में सहभागिता को लेकर तकनीकी चर्चा किया। इस अवसर पर राघव सिंह, बिजेंद्र राय, रियाजुद्दीन राजू, धर्मवीर सिंह, शिवजी राय चन्देल, मानवेन्द्र सिंह, इफ्तेखार खां, राकेश सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, रुस्तम अली, उमेश सिंह, संतोष सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, रणजीत सिंह मंटू, धीरेन्द्र राय , अजय सिंह, सिद्धार्थ शंकर, नीशू श्रीवास्तव, मनोज शर्मा, बृजेश सिंह, पंकज राय, आशीष त्रिवेदी, भवतोष पाण्डेय, विरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह हर्षदेव राम, अविनाश सिंह , डा. प्रवीण सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सुधीर कुमार सिंह ने की जबकि संचालन अजीत सिंह ने किया।

# औरैया में जेई और लाइनमैन को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, एंटी करप्शन टीम लेकर पहुंची सदर कोतवाली

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के अवर अभियंता (जेई) अजय कुमार पांडेय और लाइनमैन लल्लन कुशवाहा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, फफूंद क्षेत्र के केशमपुर सब स्टेशन पर तैनात जेई अजय कुमार पांडेय और लाइनमैन लल्लन कुशवाहा को एंटी करप्शन टीम ने दोपहर के समय गिरफ्तार किया। दोनों को पूछताछ के लिए सदर कोतवाली ले जाया गया है, जहां मामले की जांच जारी है। शिकायतकर्ता दीपक बाबू, जो दिल्ली एनसीआर में फूड विभाग में ऑडिटर पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि उनके गांव में मंदिर निर्माण कार्य चल रहा है। मंदिर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटवाने के लिए उन्होंने बिजली विभाग से अनुरोध किया था। आरोप है कि इस काम के एवज में जेई और लाइनमैन ने 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। दीपक बाबू ने इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो लखनऊ में शिकायत दर्ज कराई थी। योजना के तहत शुक्रवार को 11 हजार रुपये एडवांस देने पहुंचे, तभी टीम ने दोनों आरोपितों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने पुष्टि की है कि एंटी करप्शन टीम ने जेई समेत दो लोगों को पकड़ा है और आगे की जांच जारी है।

संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ

# बलिया में सीएमओ ने दस्तक अभियान का किया शुभारम्भ, बुखार के रोगियों की खोज करेंगी आशा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

देवरिया। उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया में शुक्रवार को संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 'दस्तक अभियान' का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ ) डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने परशुराम चौक स्थित प्राथमिक विद्यालय से आशा, आंगनबाड़ी और सहायिकाओं के साथ फीता काटकर तथा घर-घर दस्तक देकर अभियान की शुरुआत की। सीएमओ ने बताया कि यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इसके तहत जिले की आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, खांसी, जुकाम, मलेरिया, जेई/एईएस, चिकनगुनिया, क्षय रोग, फाइलेरिया और कालाजार जैसे लक्षणों वाले मरीजों की पहचान करेंगी। साथ ही कुपोषित बच्चों की सूची भी तैयार की जाएगी। जिले में कुल 2756 आशा कार्यकर्ताओं की टीमें सक्रिय हैं, जिन्हें प्रतिदिन कम से कम 15 घरों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य दिया गया है। चिन्हित मरीजों का नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपचार कराया जाएगा। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ (वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल) डॉ. हरेंद्र कुमार, अरबन नोडल अधिकारी डॉ. आरपी यादव, डीएमओ सीपी मिश्रा मौजूद रहे।

# जम्मू-कश्मीर में शहीद हुआ सुलतानपुर का लाल सैनिक सम्मान के साथ दी गयी अंतिम विदाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





सुलतानपुर। देश की रक्षा करते हुए जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर के अखिलेश शुक्ला शहीद हो गये।सेना की ईएमई रेजिमेंट नायक अखिलेश शुक्ला का पार्थिव शरीर पैतृक गांव मझना पूरे वैसी का पुरवा पहुंचा। तिरंगे में लिपटे शहीद के शव आते ही पूरा इलाका शोक में डूब गया। शुक्रवार को सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गयी। सुलतानपुर के अलीगंज स्थित मझना गांव में पार्थिव शरीर पहुंचने पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। अयोध्या से आए डोगरा रेजिमेंट के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ शहीद को कंधा दिया। इस दौरान 'भारत माता की जय' और 'अखिलेश शुक्ला अमर रहें' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। नायक अखिलेश शुक्ला ईएमई रेजिमेंट में तेहगांव में तैनात थे। 28 मार्च की रात लगभग 9 बजे एक सर्च ऑपरेशन के दौरान उन्हें गोली लग गई थी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें दिल्ली के आरआर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार की रात उन्होंने अंतिम सांस ली । शहीद अखिलेश शुक्ला के पिता भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। वह अपनी दो बहनों के इकलौते भाई थे।

अंतिम संस्कार के दौरान सेना के जवानों ने पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद को सलामी दी। बंदूकों की गूंज और बिगुल की धुन के बीच उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम थीं।

# वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए वैश्विक सहयोग के साथ स्थानीय स्तर पर ठोस कदम जरुरी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। आईआईटी कानपुर ने हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में स्वच्छ हवा और बेहतर स्वास्थ्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचार रखें और तमाम संबंधति विषयों पर चर्चा भी हुई। पैनल चर्चाओं में ओपन डेटा (खुला डेटा), जन-जागरुकता और विभिन्न क्षेत्रों के समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया। अन्ततः कार्यशाला में विशेषज्ञों ने वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए वैश्विक सहयोग, डेटा की पारदर्शिता और स्थानीय स्तर पर ठोस कदम उठाने की जरुरत पर बल दिया। इसके अलावा स्मार्ट सेंसिंग और डिजिटल इंटेलिजेंस के जरिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के एटीएमएएन-सीओई द्वारा होटल शेराटन ग्रैंड, पुणे में स्मार्ट सेंसिंग एंड डिजिटल इंटेलिजेंस फॉर क्लीन एयर एंड गुड हेल्थ विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर वायु प्रदूषण और उसके सार्वजनिक स्वास्थ्य पर प्रभाव जैसे गंभीर विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में वायु गुणवत्ता निगरानी के लिए उपग्रह डेटा, हाइब्रिड मॉनिटरिंग नेटवर्क और कम लागत वाले सेंसरों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित पूर्वानुमान और निर्णय सहायता प्रणालियों को भी प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण मोबाइल रियल-टाइम सोर्स अपॉर्शनमेंट (आरटीएसए) प्रयोगशाला का वर्चुअल रियलिटी अनुभव रहा, जिसमें स्वदेशी मशीन लर्निंग आधारित कणीय पदार्थ सेंसरों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण ज्ञान उत्पाद जारी किए गए, जिनमें वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क पर मार्गदर्शिका, डीएचएसए कार्यान्वयन मार्गदर्शिका, लखनऊ और कानपुर के लिए नीति संक्षेप तथा बिहार के घरेलू ऊर्जा परिवर्तन पर नीति नोट शामिल हैं। कार्यशाला ने शोध, नीति और क्रियान्वयन के बीच तालमेल को मजबूत करने के साथ ही स्मार्ट तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मीडिया प्रभारी सालोनी नागरकुट्टी ने शुक्रवार को बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को एक मंच पर लाकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए नवाचार आधारित समाधानों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया है।

# बीएचयू में त्वरित एवं प्रभावी संवाद की पहल

■ सभी विद्यार्थियों को आधिकारिक डोमेन पर मिलेगा ई-मेल आईडी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) प्रशासन ने विद्यार्थियों से त्वरित एवं प्रभावी संवाद,सुविधापूर्ण परिसर अनुभव प्रदान करने के लिए बड़ी पहल की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के आधिकारिक डोमेन पर ई-मेल आईडी उपलब्ध कराने की शुरूआत की है। यह निर्णय संस्थान के भीतर विभिन्न हितधारकों के बीच निर्बाध एवं प्रभावी संवाद तथा आंतरिक संस्थागत सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लिया गया है। विश्वविद्यालय के कंप्यूटर सेंटर के समन्वयक प्रो. राजेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय देश के उन चुनिंदा केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से है, जो अपने सभी विद्यार्थियों को यह सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इस पहल से विद्यार्थियों एवं संकाय तथा प्रशासन के बीच संवाद अधिक प्रभावी होने की अपेक्षा है तथा उत्तरदायित्व की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, विद्यार्थियों को व्यक्तिगत ई-मेल सेवाओं की तुलना में उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ एवं बेहतर स्पैम सुरक्षा का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि ई-मेल आईडी विद्यार्थियों के समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध विवरणों के आधार पर तैयार की जाएंगी। इस व्यवस्था के क्रियान्वयन से संबंधित सभी तकनीकी प्रक्रियाओं की देखरेख कंप्यूटर सेंटर द्वारा की जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा अतिरिक्त गूगल वर्कस्पेस लाइसेंस एवं क्लाउड स्टोरेज की व्यवस्था भी की गयी है।

प्रो.राजेश कुमार के अनुसार ,इस व्यवस्था के अंतर्गत अब सभी विद्यार्थियों को bhu.ac.in डोमेन पर ई-मेल अकाउंट प्रदान किए जाएंगे। अब तक विश्वविद्यालय डोमेन ई-मेल आईडी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा पीएचडी शोधार्थियों को अनुरोध के आधार पर जारी की जाती थी। अब यह सुविधा औपचारिक रूप से सभी विद्यार्थियों को दी जा रही है, जिससे लगभग 18,000 से 20,000 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। यह पहल आधिकारिक ई-मेल आईडी के माध्यम से संवाद को प्रोत्साहित करने की दिशा में विश्वविद्यालय के प्रयासों का हिस्सा है, जिससे संवाद अधिक सुचारु, प्रामाणिक एवं सुरक्षित होगा। bhu.ac.in डोमेन ई-मेल विद्यार्थियों को एक विश्वसनीय एवं प्रामाणिक डिजिटल पहचान प्रदान करेगा। साथ ही, इसके माध्यम से स्नातक, परास्नातक, विज्ञान, कला, मानविकी अथवा अन्य श्रेणियों के आधार पर ई-मेल समूह बनाकर लक्षित एवं विषय-विशिष्ट संवाद संभव हो सकेगा। यह सुविधा समय एवं भौगोलिक दूरी की सीमाओं से परे चौबीसों घंटे संस्थागत संवाद सुनिश्चित करेगी, जिससे महत्वपूर्ण सूचनाओं का त्वरित प्रसार तथा आवश्यक मामलों का समयबद्ध समाधान संभव हो पाएगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण सूचनाएँ विद्यार्थियों की बीएचयू डोमेन ई-मेल आईडी पर सीधे भेजी जाएँगी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए किसी कार्यालय में भौतिक रूप से उपस्थित हुए बगैर अपने विषयों का समाधान पाना संभव हो सकेगा, फिर चाहे वह विभागाध्यक्ष कार्यालय हो, संकाय प्रमुख अथवा परीक्षा नियंता कार्यालय। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को उनके शिक्षकों, विभागों तथा विश्वविद्यालय से और अधिक निकटता से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।